संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
19 फरवरी 2025, बुधवार
मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 140
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

## किसान मेला 20 और 21 को, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**खूंटी ।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान (पूर्व में, भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान) नामकुम के तत्वावधान में 20 और 21 फरवरी को संस्थान परिसर में किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 20 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे करेंगे। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

# मुख्यमंत्री हेमंत ने 289 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

## शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही सरकार : वित्त मंत्री

### ● नगर विकास के प्रति सरकार प्रतिबद्ध : मुख्य सचिव



संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश में राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जा रही हैं । आज इसी क्रम में नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग झारखंड के अंतर्गत प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित द्वितीय तल सभागार में 289 अभ्यर्थियों की मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के हाथों द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को माननीय मंत्री वित्त विभाग श्री राधाकृष्ण किशोर ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों संबोधित करते हुए कहा कि हमें ये विश्वास है कि आप अपने मेहनत से आगे भी कामयाबी हासिल करेंगे । आप संकल्प लें कि व्यवस्था ,सिस्टम के किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी , निष्ठा के साथ काम करेंगे और सरकार के प्रयासों में सार्थक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण जिस उद्देश्य के साथ हुआ था, माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ साथ सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी कई काम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री , ग्रामीण क्षेत्र के विकास में ,शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन झारखंड को युवाओं का राज्य बनाना चाहते है । इसका कड़ी में आज युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। हेमन्त सरकार -2.0 में सरकार राज्य के विकास प्रति समर्पित हैं और उनके नेतृत्व में हमलोग कदम बढ़ा चुके हैं।

उद्योग मंत्री श्री संजय प्रसाद यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज झारखंड के विकास के पन्नों में एक नया अध्याय जोड़ा जा रहा है। उन्होंने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के विकास में, सभी जन कल्याण के विचारों को सार्थक करने की शपथ लें । हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो, ये आपका लक्ष्य होना चाहिए । मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की सोच झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। युवाओं को रोजगार दिलाना, उनके उज्जवल भविष्य की सोच के साथ मुख्यमंत्री की दिशा निदेश में हमलोग काम कर रहे हैं।

नगर विकास मंत्री श्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आज इस प्रोजेक्ट बिल्डिंग से 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है । आखों में सुनहरी चमक लेकर आप उज्ज्वल भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ा रहे हैं। शहरीकरण दिनों दिन तेजी से बढ़ रहा है । बेहतर शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से निकल कर शहरों की तरफ़ आ रहे है । शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को हम मजबूत कर रहे हैं। हम शहरों के विकास के मानकों के आधार पर अपने निकायों को संचालित करने का प्रयास कर रहे हैं । आज बहुत खुशी का दिन है कि तमाम राजनीतिक झंझावातों को पार करते हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के बच्चों को नियुक्ति देने में सफल रहे हैं ।

## सीएम ने उच्च शिक्षा के 6 वेब पोर्टल को किया लांच

### इनोवेशन हब का भी हुआ उद्घाटन, निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना होगी आसान



**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण तथा रांची विज्ञान केंद्र के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं झारखंड अनुसंधान तथा नवाचार नीति-2025 हेतु आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से विकसित छह पोर्टल का अनावरण एवं रांची विज्ञान केंद्र स्थित नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन किया। इन पोर्टल के अनावरण का उद्देश्य डिजिटल गवर्नेंस तथा डिजिटल इनफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के डिजिटल कार्यान्वयन, वेतन निर्धारण और सत्यापन पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान आवेदन पोर्टल जैसे कई पोर्टलों को विकसित करना है। कार्यक्रम में इनोवेशन हब के तहत क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, रांची परिसर में स्थापित इनोवेशन हब बनाने की बात कही गई। इससे रचनात्मक एवं नवाचारी विचारों का पोषण, इनोवेटिव सोच और व्यावहारिक समस्या का समाधान, इनोवेशन को प्रेरित करने के लिए उचित वातावरण मिल सकेगा। इसके अलावा रांची स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र को साइंस सिटी के रूप में अपग्रेड करने के लिए 270 करोड़ की परियोजना तैयार की बात कही गई।

इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आने वाले समय में राज्य के बच्चों को निपुण बनाना सरकार की प्राथमिकता है। दक्षता के क्षेत्र में झारखंड के विद्यार्थियों को आगे रखने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न पोर्टल्स का शुभारंभ होना एक सकारात्मक पहल है। इन पोर्टल्स के जरिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल मोड में ले जाने का प्रयास किया गया है।

**इन पोर्टल का हुआ अनावरण**

वेतन निर्धारण पोर्टल, लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल, अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टल।

## ज्ञानेश कुमार बने मुख्य निर्वाचन आयुक्त, नये कानून से नियुक्त होने वाले पहले सीईसी



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** अयोध्या का राम मंदिर मुद्दा हो या फिर जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का। इन दोनों ही मुद्दों में आईएएस ज्ञानेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। अब ज्ञानेश को देश का मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है। कुमार निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले चीफ इलेक्शन कमिश्नर हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक रहेगा, जिसके कुछ दिन बाद निर्वाचन आयोग अगले लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है।

कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त किये जाने के बाद निर्णय को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, ज्ञानेश कुमार ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के बारे में सुप्रीम कोर्ट के मामले से संबंधित दस्तावेजों को भी संभाला। उन्होंने 15 मार्च, 2024 को निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था। कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।

### मेरी असहमति के बावजूद आधी रात को सीईसी का चयन करना अपमानजनक : राहुल गांधी



**नई दिल्ली ।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए गठित समिति की बैठक में सोमवार को उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की चयन प्रक्रिया पर असहमति व्यक्त की थी। इसके बावजूद आधीरात को जिस तरह से सीईसी का चयन किया गया, यह अपमानजनक और अशिष्टतापूर्ण है। राहुल गांधी ने आज एक बयान में कहा कि अगले चुनाव आयुक्त का चयन करने वाली समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को एक असहमति पत्र प्रस्तुत किया था। इसमें कहा गया था कि कार्यकारी हस्तक्षेप से मुक्त एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर मोदी सरकार ने हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को और बढ़ा दिया है।

## विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू, 3 मार्च को सरकार पेश करेगी बजट

### विधानसभा अध्यक्ष ने तैयारी का लिया जायजा



संवाददाता

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सरकार के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

मंगलवार को अपने कक्ष में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्पीकर ने अधिकारियों से कहा कि सदस्यों की ओर से पूछे गए सवालों का सटीक उत्तर उपलब्ध कराएं। सदन में सरकार की ओर से दिए गए आश्वासनों को पूरा कर विधानसभा को अवगत कराएं।स्पीकर ने कहा कि सत्र के दौरान सभी विभाग अपने वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं, ताकि संबंधित विभागों के मंत्रियों को अपने विभाग के उत्तर देने में आवश्यक और अद्यतन सूचनाएं प्राप्त हो सके। सदस्यों के स्वीकृत, अल्पसूचित और तारांकित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व सभा सचिवालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और सदन में पेश होने वाले विधेयकों को तीन दिन पूर्व ही सभा सचिवालय को प्राप्त कराने का निर्देश दिया। ताकि सदस्यों को ससमय विधेयक उपलब्ध हो सके और सदन में पेश होने वाले विधेयक पर पारदर्शिता के साथ गहनतापूर्वक चर्चा हो सके।अध्यक्ष ने भारतीय-झंडा संहिता के नियमों के दायरे में झारखंड विधान सभा परिसर के अंदर स्थायी रूप से राष्ट्रीय ध्वज लगवाए जाने के लिए पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श भी किया। स्पीकर ने बजट सत्र को लेकर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, सुरक्षा व्यवस्था, सत्र के दौरान चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति, जीवन रक्षक दवा और एंबुलेंस की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। विधानसभा परिसर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरा लगाने संबंधित निर्देश भी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को दिया गया।

### प्रयागराज, काशी और अयोध्या भक्तों से पटी, स्थानीय लोग घरों में कैद

**नई दिल्ली ।** महाकुंभ 2025 में अब तक 54.31 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ के समापन में केवल 9 दिन शेष हैं, लेकिन भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही। इसकारण प्रयागराज, अयोध्या और काशी में स्थानीय लोग पहली बार इतनी अधिक भीड़ का सामना कर रहे हैं, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। जहां प्रयागराज में एयरपोर्ट पर हालात किसी रेलवे स्टेशन जैसे हो गए हैं। रविवार को 60 उड़ानों से 20 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। ट्रेनों में भीड़ इतनी अधिक है कि प्रशासन को 179 मेला विशेष ट्रेनें चलानी पड़ीं।

## झारखंड में गुटखा-पान मसाला की बिक्री पर प्रतिबंध

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड में अब गुटखा-पान मसाला की बिक्री पर रोक लग गई है। इतना ही नहीं अगर किसी दुकान में गुटखा बिकता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि झारखंड में गुटखा पर 2023 तक प्रतिबंध था, लेकिन पिछले एक साल से इसकी बिक्री हो रही थी।स्वास्थ्य मंत्री इरफान ने कहा कि सभी सिविल सर्जनों को अपने-अपने जिलों में मेडिकल स्टोरों की जांच करने और नशीली दवाओं की अवैध बिक्री को रोकने के लिए पर्याप्त अधिकार हैं। अगर किसी दुकान में प्रतिबंधित दवाएं बिकती पाई जाती हैं तो तुरंत दुकान को सील करें और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें।साथ ही उन्होंने सभी सिविल सर्जनों और ड्रग इंस्पेक्टरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके इलाके में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बिकती पाई गईं तो वे खुद भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

## ममता बनर्जी ने महाकुंभ को लेकर दिया विवादित बयान, बोलीं ये मृत्यु कुंभ है

### ममता बनर्जी के बयान पर भड़का संत समाज



एजेंसी

**कोलकाता ।** राजद नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू यादव के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दिया है। ममता ने प्रयागराज में चल रहे हिंदुओं की आस्था के महापर्व महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताया है। उन्होंने कहा कि अब यह महाकुंभ नहीं रहा, यह मृत्यु कुंभ में बदल गया है।

हाल ही में महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ की घटनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि इस धार्मिक आयोजन में भारी अव्यवस्थाओं के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है, जो बेहद दुखद और चिंताजनक है। मुख्यमंत्री ने आज विधानसभा में महाकुंभ में सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को पहले से ही पुख्ता व्यवस्था करनी चाहिए थी, ताकि श्रद्धालुओं की जान न जाती और आयोजन शांति के साथ संपन्न होता। उन्होंने आरोप लगाया कि महाकुंभ में वीआईपी व्यक्तियों को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं।

## राज्य के कर्मचारियों का सात फीसदी बढ़ा डीए

**कैबिनेट का फैसला**

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड सरकार ने मंगलवार को अपने कर्मचारियों के डीए यानी महंगाई भत्ते में सात फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। एक अधिकारी ने बताया कि यह बढ़ोतरी पिछले साल एक जुलाई से प्रभावी होगी। छठे केंद्रीय वेतन आयोग के तहत कर्मचारियों को मौजूदा मूल वेतन का 246 फीसदी डीए मिलेगा जो इससे पहले 239 फीसदी था।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक के दौरान कर्मचारियों के डीए को बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। हेमंत सोरेन सरकार ने छठे वेतन आयोग के तहत पेंशनभोगियों को मिलने वाली महंगाई राहत (डीआर) में भी 7 फीसदी की बढ़ोतरी कर इसे 246 फीसदी कर दिया गया।संयुक्त कैबिनेट सचिव राजीव रंजन ने बताया कि 5वें वेतन आयोग के तहत आने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए भी डीए मौजूदा 443 फीसदी से बढ़ाकर 455 फीसदी कर दिया गया है, जो एक जुलाई, 2024 से प्रभावी होगा।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रभारी के. राजू से मुलाकात की, संगठन के विस्तार पर की चर्चा



संवाददाता

**रांची ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को नई दिल्ली में झारखंड के नवमनोनीत प्रभारी के. राजू से मुलाकात की।इस अवसर पर उनके साथ मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, केदार पासवान और रियाज अंसारी भी थे। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि संगठन के विस्तार और सशक्तिकरण के लिए किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच की दूरी कम होनी चाहिए। जिस आशा और विश्वास के साथ कार्यकर्ताओं ने जनता में संगठन की साख बचा रखी है, हमें उसी मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं और जनता के साथ खड़े रहना है। किसी भी संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ता ही होते हैं। संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकता पर ही निर्भर करती है, इसलिए हमें हर परिस्थिति में कार्यकर्ताओं को एकजुट रखकर संगठन को मजबूत बनाना है।इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रभारी के. राजू को संगठन द्वारा पिछले पांच महीनों के दौरान चलाए गए कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न जिलों में चलाए गए जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम की जानकारी दी। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और महागठबंधन में शामिल अन्य दलों के साथ दी गई संयुक्त सात गारंटियों और कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए गए वादों की भी पूरी जानकारी दी।

## प्रयागराज से लौट रही कार ट्रक से टकरायी, दो की मौत, चार घायल



संवाददाता

**रामगढ़ ।** महाकुंभ प्रयागराज से स्नान कर पश्चिम बंगाल के झालदा लौट रही श्रद्धालुओं की एक निजी कार मारुति एक्सप्रेसो संख्या डब्लूबी 56 टी-7408 मांडू थाना क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट सेमरा जंगल के पास खड़ी ट्रक संख्या जीजे बीटी-4974 को पीछे से जोरदार टक्कर मार उससे जा टकराई। इस घटना में कार में सवार दो महिला श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में एक महिला श्रद्धालु का नाम बिंदु महतो है, घायलों में 55 वर्षीय उर्मिला देवी, 29 वर्षीय बिरसा महतो और 32 वर्षीय संदीप बेदिया घायल हैं। जिसमे से उर्मिला और बिरसा को रिम्स रेफर किया गया है। घायलों में तीन की स्थिति गंभीर है। मांडू पुलिस सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची और सभी घायलों को रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया और मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम गृह भिजवाया गया है। सदर अस्पताल पहुंचे मांडू थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि की है।

## गुजरात निकाय चुनाव में लहराया भगवा, 68 में से 62 नगर पालिकाओं में भाजपा की जीत

### नगर पालिका की 1677 सीटों में से भाजपा ने 1341 व कांग्रेस ने 252 सीटें जीती



एजेंसी

**अहमदाबाद ।** गुजरात में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में एक बार फिर भाजपा का जादू चला है। सौराष्ट्र के जूनागढ़ नगर निगम समेत भाजपा ने राज्य में 62 नगर पालिकाओं में शानदार जीत हासिल की है। जबकि एक नगर पालिका में कांग्रेस और 5 में अन्य की जीत हुई है। नगर पालिका की कुल 1677 में से भाजपा ने 1341 सीटों पर शानदार जीत की है। जबकि कांग्रेस ने 252 सीटों पर जीत दर्ज की है। सौराष्ट्र में तीन नगर पालिकाओं को छोड़ अन्य सभी में भाजपा की बंपर जीत दर्ज की है। चौंकाने वाला परिणाम देवभूमि द्वारका जिले की सलाया नगर पालिका का रहा। जहां भाजपा का खाता तक नहीं खुला। सलाया नगर पालिका में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीधा मुकाबला हुआ। 28 सीटों वाली नगर पालिका में कांग्रेस ने 15 सीटों पर जीत दर्ज की है। जबकि आम आदमी पार्टी को 13 सीटों पर जीत मिली। यहां भाजपा को एक भी सीट नसीब नहीं हुई। राज्य में सलाया एकमात्र नगर पालिका है, जहां भाजपा का खाता तक नहीं खुला। गौर करनेवाली बात यह भी है कि 28 सीटों वाली सलाया नगर पालिका के चुनाव में भाजपा ने केवल 12 उम्मीदवार उतारे थे। माना जा रहा है कि सलाया में सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माणों के खिलाफ बुलडोजर कार्यवाही भाजपा को महंगी पड़ गई। वहीं पोरबंदर जिले की कुतियाणा और राणावाव में समाजवादी पार्टी (सपा) की साइकिल चल गई। कुतियाणा और राणावाव में की हार हुई है।

## झारखंड के बेरोजगार युवा जुमलेबाजी नहीं अपना हक और अधिकार चाहते हैं : बाबूलाल



**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री हेमंत ने कुछ 100-200 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा,करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन किया गया। कहा कि कि हेमंत जी के चाटुकारों द्वारा ÷सबसे ज्यादा नौकरी देने वाले मुख्यमंत्री÷ का ढोल भी पीटा जाएगा। कहा कि लेकिन झारखंड के लाखों बेरोजगार युवाओं के कुछ सवाल हैं, जो अब भी अनसुलझे हैं। मरांडी ने पूछा कि प्रतियोगी परीक्षा कैलेंडर कब जारी होगा जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कब होगी?, जेएसएससी, सीजीएल पेपर लीक की जांच कहां तक पहुंची। मरांडी ने पूछा कि मुख्यमंत्री जी बताएं किस नियोजन नीति के तहत नियुक्तियां कर रहे हैं?झारखंड के युवाओं को कितना आरक्षण दिया गया? > उन्होंने कहा कि हेमंत जी, युवाओं का भविष्य पीआर स्टंट और दिखावों से नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही से संवरेगा। झारखंड के लाखों बेरोजगार युवा जुमलेबाजी नहीं, बल्कि अपना हक़ और अधिकार चाहते हैं

## रामगढ़ में बदमाशों ने लूटी कार

**रामगढ़ ।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के नईसराय में मंगलवार शाम को कथित तौर पर एक कार लूटने का मामला सामने आया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नईसराय के छोटा सिंह होटल के पास मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि रांची रोड की तरफ से एक सफेद रंग की कार रामगढ़ शहर की तरफ आ रही थी। छोटा सिंह होटल के पास उस कार को पीछे से आ रही एक कार और बाइक पर सवार लोगों ने ओवरटेक कर रोका। कार पर सवार चार लोगों और बुलेट पर सवार एक व्यक्ति ने गाड़ी रुकते ही हो हंगामा शुरू कर दिया। पहले तो पांचों व्यक्तियों ने कार चोरी होने का आरोप लगाया। इस दौरान सफेद रंग की कार में सवार एक व्यक्ति और दो महिलाओं को जबरन उन लोगों ने उतार दिया। जब महिलाओं ने थाने को सूचना देने की बात की, तब उन पांचों व्यक्तियों में से एक ने कार स्टार्ट की और चलता बना।

## गुटखा पर बैन छापेमारी करने निकली टीम

**रामगढ़ ।** झारखंड सरकार ने गुटखा और पान मसाला पर एक साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश आते ही रामगढ़ जिले में अधिकारी सक्रिय हो गए। मंगलवार को पूरे दिन खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री के नेतृत्व में पूरी टीम एंबुलेंस से छापेमारी करती नजर आई। छापेमारी के दौरान बाजार समिति के बाहर रिटेलर तो गुटखा बेचते हुए नजर आए ही, बाजार समिति के अंदर होलसेलर भी बड़े पैमाने पर गुटखा और पान मसाला स्टोर किए हुए पाए गए। कई लोगों को जुर्माना लगाकर पान मसाला और गुटका नष्ट करने का निर्देश दिया गया है। बाजार समिति के आसपास बब्लू स्टोर, सुमित स्टोर के अलावा और कई दुकानें भी थी, जिनमें गुटखा और पान मसाला धड़ल्ले से बेचा जा रहा था। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी लोगों को तत्काल ऐसे पदार्थों को हटाने का निर्देश दिया। कई दुकानों से उन्होंने गुटखा और पान मसाला को जब्त भी किया।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

**सरैयाहाट।** थाना क्षेत्र के बरकुंडी गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने घटना सामने आई है। घटना को लेकर प्रथम पक्ष के पीड़ित संजय यादव ने सरैयाहाट थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज करायी है। थाना में दिए आवेदन में सरैयाहाट पुलिस को बताया है कि बीते दिन 16 फरवरी 2025 रविवार की देर शाम करीब 7:00 बजे गांव के ही उमेश यादव, विनय यादव, संतोष यादव, महेश यादव, मंजू देवी, संदीप यादव, सुरुचि देवी व डेजी देवी मिलकर हरवे हथियार से लेस होकर गाली गलौज कर रहे थे। गाली गलौज करने से मना करने पर उमेश यादव ने माथे में फरसा से हमला कर दिया। मामले में दूसरे पक्ष के विनय कुमार यादव ने भी प्रथम पक्ष संजय यादव के खिलाफ सरैयाहाट थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज करायी है। थाना में दिए आवेदन में विनय कुमार यादव ने सरैयाहाट पुलिस को बताया है कि रविवार की देर शाम करीब 7:00 बजे हम सभी सपरिवार घर में बैठे हुए थे। उस समय अचानक गाली गलौज करते हुए आरोपी अशोक यादव, राहुल यादव, संजय यादव, धूबलू यादव, राकेश यादव, कुमोद यादव, अक्षय यादव एवं अज्ञात लोगों ने हरवे हथियार से लैस होकर जान मारने की नीयत से घर के अंदर घुस आए, साथ ही मारपीट की घटना को अंजाम दिया। बताया कि सभी शराब के नशे में चूर थे।

## हत्या मामले में चार को आजीवन कारावास की सजा

**पलामू ।** पलामू जिला अदालत ने हत्या के एक मामले में महिला समेत चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई है। यह मामला पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के शिकारपुर से जुड़ा हुआ है। सितंबर 2016 में रंजीत साव नाम के व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी लाठी डंडे एवं टांगी से मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक की पत्नी रिंकू देवी ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पलामू न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नंबर 3 की अदालत ने मंगलवार को इस कांड के चार दोषियों रीना देवी, मदन साव, महावीर साव एवं बुधन साव को आजीवन कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई।

## दहेज हत्या : पिता और पुत्र को 10 वर्ष की सजा

**कोडरमा ।** दहेज हत्या के एक मामले में एडीजे द्वितीय संजय कुमार चौधरी के न्यायालय ने पिता और पुत्र को दोषी पाते हुए 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। तिलैया थाना कांड सं 182/23, सत्रवाद 21/24 के अभियुक्त सुमन कुमार उर्फ अनु और सुरेश यादव पिता स्व सुकर यादव दोनों साकिन झुमरी पो करमा थाना तिलैया को न्यायालय अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश, द्वितीय सह त्वरित न्यायालय कोडरमा ने विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई। अभियुक्त सुमन कुमार का अन्य लड़की के साथ अवैध सम्बंध रहने के कारण इस सम्बंध में कई बार रिश्तेदार एवं परिवार वालों के साथ पंचायत भी हुई थी लेकिन पीड़िता के ससुराल वाले उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से हमेशा प्रताड़ित करते रहते थे। पीड़िता के पिता से अतिरिक्त दहेज के रूप में 3 लाख रुपये की मांग की थी। इतनी बड़ी रकम नहीं देने पर उसके ससुराल वालों ने 27 जुलाई 2023 को गला दबाकर हत्या कर दी। अनुसंधानकर्ता द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए अभियुक्त सुमन कुमार उर्फ अनु और उसके पिता सुरेश यादव पिता स्व सुकर यादव को गिरफ्तार कर कारागार अभिरक्षा में भेजा गया। अभियुक्त आज तक काराधीन है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में पांच घायल

**रांची ।** बेड़ो और नरकोपी थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायल तीन लोगों कमल तिर्की, सिकंदर खान और आकाश कच्छप को रिम्स रेफर किया गया है। जबकि दो घायलों का बेड़ो सीएचसी में इलाज किया गया। घटना मंगलवार की सुबह आठ से नौ बजे के बीच की है। पहली घटना नरकोपी थाना क्षेत्र के डुमरी मोड़ के पास सुबह आठ बजे हुई। यहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बजरा गांव निवासी सिकंदर खान गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें उपचार के लिए सीएचसी बेड़ो पहुंचाया। दूसरी घटना नरकोपी थाना क्षेत्र के बजरा हाई स्कूल के पास मंगलवार की सुबह नौ बजे हुई। यहां स्कूटी और बाइक सवार युवकों के बीच हुई टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। घायलों में बेड़ो थाना क्षेत्र के मुरतो गांव निवासी आकाश कच्छप और नरकोपी थाना क्षेत्र के सिसई गांव निवासी शिवा उरांव और दशरथ उरांव शामिल हैं। स्कूटी सवार युवक नरकोपी और बाइक सवार युवक बजरा की ओर जा रहे थे। सूचना मिलने पर नरकोपी थाना के एएसआई कंचन कुमार सिंह ने घायलों को सीएचसी बेड़ो पहुंचाया।

## दो राजस्व कर्मचारी के भरोसे गोला के 21 पंचायत

**रामगढ़ ।** गोला अंचल कार्यालय इन दिनों राजस्व कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। इसका खामियाजा प्रखंड क्षेत्र के आम अवाम को भुगतना पड़ रहा है। मामूली कामों के लिए भी लोगों को हफ्तों-महिनों तक अंचल कार्यालय का लगाना पड़ रहा है। कार्य में विलंब होने लोग अंचलाधिकारी या कर्मचारी को कोसते नजर आते हैं। बताया जाता है कि अंचल कार्यालय में 10 राजस्व कर्मचारी के पद सृजित हैं। लेकिन महज दो राजस्व कर्मचारी के भरोसे गोला प्रखंड के 21 पंचायत को जैसे तैसे चलाया जा रहा है। प्रखंड के 21 पंचायतों में लगभग 92 राजस्व गांव और टोला माहल्लों को मिलाकर सवा सौ से अधिक गांव सम्मिलित हैं।

# बदमाशों ने बेटियों के सामने की पिता की हत्या



संवाददाता

**गुमला ।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्रांतर्गत पोगरा गांव के समीप बाइक सवार चार अपराधियों ने मंगलवार की सुबह प्रसाद साहू (36) नामक एक व्यक्ति की उनकी दो बेटियों के सामने ही निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी।

मृतक प्रसाद साहू की 9 साल की बेटी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता प्रसाद साहू रायडीह में पदस्थापित एक शिक्षिका की कार चलाते थे। वे रोजाना शिक्षिका को स्कूल छोड़ने के लिए रायडीह जाते थे। मैं और मेरी छोटी बहन भी पिता के साथ बाइक से अपने स्कूल उच्चडीह गांव जा रहे थे। रास्ते में पोगरा रिगड़ीटांड़ के समीप एक बाइक पर बैठे चार लोग वहां पहुंचे। उन्होंने मेरे पिता की बाइक को टक्कर मार दी। इससे उनके पिता जमीन पर गिर पड़े। वहां पहले से मौजूद एक अपराधी भी अन्य चारों अपराधियों के साथ मिल कर उसके पिता को मारने लगे। सभी लोग चाकू, भुजाली व हथियार पकड़े हुए थे। हम दोनों बहने डर कर कुछ दुर पीछे हट गईं और मेरे पिता को ना मारने के लिए चिल्लाते व गिड़गिड़ाते रहे, पर अपराधियों ने एक ना सुनी और उसके पिता की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी वहां से भाग निकले।

पुलिस ने घटना की प्रत्यक्षदर्शी बहनों से पूरी जानकारी हासिल करने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने परिजनों से हत्या के पूरे मामले को समझने का प्रयास किया। परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया कि गांव के एक समुदाय के लोग से आपसी विवाद लंबे समय से चलता आ रहा है। इस विवाद में पूर्व में मारपीट भी हो चुकी है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

## 25 वर्षीय युवक का अधजला शव बरामद

**जामा।** थाना के अंतर्गत सिमरा पंचायत के कुरूमटाँड शमसान घाट के पास से मंगलवार को एक 25 वर्षीय युवक का शव अधजले अवस्था में बरामद हुआ है। मामले में जामा थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि युवक का शरीर जहाँ तहाँ जला हुआ है। गंभीर अवस्था में शमशान घाट से लाया गया है। जीवित रहने पर भी कुछ बता नहीं पा रहा है। सिर्फ अपना घर ग्राम रामपुर बिशनपुर जरमुंडी बता रहा है। देखने से प्रतीत हो रहा है कि करीब एक सप्ताह पूर्व का जला हुआ है। आस पास के ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि शायद यह कल रात कहीं से भटकते हुए आया है। इसकी पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है एवं ईलाज के लिए फूलो झानू मेडिकल कालेज अस्पताल दुमका भेजा जा रहा है।

## रातू के युवक की कर्रा में गला रेतकर हत्या

**रांची ।** कर्रा-रांची मुख्य सड़क स्थित छाता नदी के पास बाइक सवार पांच अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना सोमवार देर शाम की है। मृतक 32 वर्षीय संदीप टोप्पो रांची जिले के रातू थाना क्षेत्र के सुंडील गांव का निवासी था। पुलिस मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।इस संबंध में कर्रा थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि सोमवार को संदीप टोप्पो अपनी पत्नी खुशबू तिर्की के साथ सास को पहुंचाने कार से गुमला जिले के कोनबीर तेतराटोली गया था। वहां से शाम को पत्नी के साथ रांची लौट रहा था। छाता नदी पुल के पास दो बाइक पर सवार पांच युवकों ने पानी मांगने के लिए कार रुकवाई। कार रोकने के बाद अपराधियों से संदीप की झड़प हो गई। इसके बाद पांचों अपराधी उसे कार से कुछ दूर ले जाकर धारदार हथियार से उसकी गर्दन रेतकर हत्या कर दी। वहीं खुशबू तिर्की मुश्किल से वहां से भाग निकली और दूसरे वाहन से लिफ्ट लेकर अपने मायके पहुंचकर घटना की जानकारी दी। उधर, हत्या कर सभी अपराधी फरार हो गए। वहीं रात्रि गश्ती में निकली कर्रा पुलिस ने छाता नदी स्थित पुल के पास लावारिस हालत में खड़ी कार देखी और कार से कुछ दूरी पर शव पड़ा देखा। इसके बाद पुलिस टीम शव को कब्जे में लेकर कर्रा थाना लाई। युवक के मोबाइल डिटेल के आधार पर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद रात लगभग 11 बजे परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं तोरपा के एसडीपीओ खिस्टोफर केरकेट्टा ने घटनास्थल का जायजा लिया।

# सीसीएल के निदेशक हर्ष नाथ मिश्रा टॉप एचआर इनोवेटर पुरस्कार से सम्मानित




संवाददाता

**रांची ।** मुंबई में आयोजित वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र को मानव संसाधन प्रबंधन (एचआर) में उत्कृष्ट नवाचार और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए टॉप एचआर इनोवेटर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके सतत प्रयासों, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और संगठन को उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर करने की उनकी प्रभावशाली भूमिका को रेखांकित करता है।

श्री मिश्र के नेतृत्व में, सीसीएल ने एचआर एवं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली पहल की हैं, जो न केवल संगठन के भीतर एक समावेशी और सशक्त कार्य संस्कृति विकसित कर रही हैं, बल्कि व्यापक सामाजिक प्रभाव भी उत्पन्न कर रही हैं।

मिश्रा के मार्गदर्शन में सीसीएल ने मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में अनेक प्रगतिशील नीतियों को लागू किया है, जिनमें कर्मचारी सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन एवं कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही, सीएसआर के अंतर्गत सीसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन किया जा रहा है, जिससे समाज के वंचित वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है। उनके नेतृत्व में सीसीएल ने एचआर प्रबंधन में नवीनतम प्रथाओं को अपनाते हुए उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित किए हैं। हर्ष नाथ मिश्र की यह उपलब्धि संगठन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता, नेतृत्व कौशल और अभिनव सोच का परिचायक है। उनकी कार्यशैली ने सीसीएल को मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान की है और सतत विकास की ओर अग्रसर किया है।

## कृषि पाठशाला में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : शिल्पी नेहा

संवाददाता

**रांची ।** कृषि, पशुपालन व सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने समेकित बिरसा विकास योजना सह कृषक पाठशाला की नेपाल हाउस में समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि पाठशाला के लिए चयनित एजेंसी की सुस्ती को लेकर नाराज दिखीं। मंत्री ने साफ कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कृषि पाठशाला में बेड़ों के लिए चयनित एजेंसी को टर्मिनेट करने का निर्देश दिया गया है। एजेंसी को काम में लापरवाही और सुस्ती के लिए पहले ही शो कॉज किया गया था। बावजूद इसमें कोई सुधार नहीं हुआ।राज्य में फिलहाल 57 एजेंसी कृषि पाठशाला के लिए चयनित हैं। कृषि पाठशाला सीएम हेमंत सोरेन की ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है।25 से 27 एकड़ भूमि पर कृषि पाठशाला के निर्माण में जहां कुछ



एजेंसियां बेहतर काम कर रही हैं, जबकि कई एजेंसियों को पहले भी शो कॉज किया जा चुका है। बेहतर कार्य नहीं करने वाले एजेंसियों को छह माह में कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि कृषि पाठशाला में कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की आत्मा बसती है। कृषि पाठशाला का कैंपस विभाग की सारी योजनाओं का एक दर्पण की तरह है और इस दर्पण में विभाग का चेहरा हर हाल में बेहतर दिखना चाहिए।

## रांची सदर अस्पताल से बच्चे की चोरी, परिजनों ने किया हंगामा



संवाददाता

**रांची ।** राजधानी रांची के सदर अस्पताल से एक बच्ची की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।घटना सोमवार की रात की बताई जा रही है।जिस बच्ची की चोरी हुई है उसका जन्म 14 फरवरी को हुआ था। मंगलवार को परिजनों ने लेबर रूम के बाहर जमकर हंगामा किया।परिजनों ने लोअर बाजार थाने में लिखित शिकायत की है जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंच कर सीसीटीवी खंगाल रही है। महज पांच दिन की बच्ची की चोरी के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### दाखिल खारिज को निर्धारित समय पर पूरा नहीं करने पर कार्रवाई

# डीसी ने सीओ, सीआई एवं कर्मचारी पर लगाया 65-65 हजार का जुर्माना

संवाददाता

**पलामू ।** दाखिल खारिज के मामलों को लंबित रखने को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने दाखिल खारिज के मामलों को निर्धारित अवधि में निष्पादन नहीं करने के बजाए लंबित रखने को लेकर नीलांबर-पीतांबरपुर के अंचल अधिकारी सहित तीन के विरुद्ध कार्रवाई की है। उन्होंने नीलांबर-पीतांबरपुर के अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, कर्मचारी राजस्व उप निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी एवं प्रभारी सीआई महेंद्र राम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 65-65 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी के वेतन से कोषागार द्वारा कटौती की जाएगी।



इनके विरुद्ध आरोप है कि दाखिल खारिज के लिए प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन नहीं किया।

जबकि इसके लिए वरीय अधिकारियों का भी निदेश प्राप्त हुआ। दाखिल खारिज के 62 मामले नामांतरण करने की निर्धारित तिथि से अधिक समय तक लंबित रखने गये, जबकि सामान्य तौर पर 30 दिनों के अंदर दाखिल खारिज के मामलों का नामांतरण किया जाना है तथा आपत्ति के मामलों में 90 दिनों के अंदर नामांतरण करने का समय निर्धारित है। तीनों के विरुद्ध झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पलामू वासियों को कठिनाई नहीं हो, इसके लिए प्रशासन सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। विकास कार्यों की गति को शिथिल करने वालों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। दाखिल खारिज के मामलों का ससमय निष्पादन हेतु पलामू के अपर समाहर्ता द्वारा भी चेतावनी दी गई थी। विदित हो कि अपर समाहर्ता द्वारा 21 दिसंबर 2024 को कार्यालय का निरीक्षण के दौरान मामलों का ससमय निष्पादन का निर्देश दिया गया था।

## पुंदाग और हरमू सब स्टेशन से पांच घंटे नहीं रहेगी बिजली

**रांची ।** पुंदाग और हरमू सब स्टेशन से बुधवार को कई इलाकों में चार से पांच घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। इस दौरान आरडीएसएस योजना के अंतर्गत हरमू सब स्टेशन के न्यू हरमू फीडर में हरमू हाउसिंग सोसाइटी की एलटी लाइन पर काम किया जाएगा। इसलिए, इस सब स्टेशन से सुबह 11.30 बजे शाम तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी। पुंदाग सब स्टेशन के दीपा टोली फीडर में भी सुबह 11.30 से दोपहर तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी। अशोक नगर के पुंदाग फीडर के कुनेर टोली, कडरू फीडर के अशोक विहार गेट नंबर एक के पास और अरगोड़ा फीडर से अमलतास, अशोक नगर रोड नंबर चार में भी कार्य होगा। इसके कारण इस फीडर से सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी।

## अबुआ अधिकार मंच ने राज्यपाल से किया जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति का आग्रह



संवाददाता

**रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को अभिषेक कुमार झा के नेतृत्व में अबुआ अधिकार मंच का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की।शिष्टमंडल ने राज्य में झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद रिक्त होने की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति की दिशा में आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। साथ ही, शिष्टमंडल ने विभिन्न विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की समस्या से भी राज्यपाल को अवगत कराया।

## राज्यपाल से मिले गोवा के शिक्षाविद

**रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गोवा से आए शिक्षाविदों ने राजभवन में भेंट की। ये शिक्षाविद रांची विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण पर आए हुए हैं।इस मौके पर राज्यपाल ने शिक्षाविदों से बातचीत के क्रम में राज्य में उच्च शिक्षा को और गुणात्मक व प्रभावी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा मिले, ताकि वे प्रतिस्पर्धा के इस युग में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वे शैक्षणिक मानकों के अनुपालन और सत्रों के नियमितीकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ प्रयास कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाजोत्थान का आधार भी है। उच्च शिक्षा संस्थानों को ऐसा वातावरण विकसित करना चाहिए, जहां शोध, नवाचार और मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समसामयिक चुनौतियों से निपटने के लिए अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षताओं से भी संपन्न किया जाना आवश्यक है।

## रैपिडो कर्मी से मोबाइल लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रांची ।** पुलिस ने जगरनाथपुर थाना इलाके में रैपिडो कर्मी को घायल कर उसका मोबाइल लूटने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान केशव सिंह के रूप में हुई है। इस संबंध में पीड़ित ने जगरनाथपुर थाना में मामला दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 22 जनवरी को रैपिडो कर्मी हिनु चौक के पास सवारी के इंतजार में खड़ा था। उसके पास रैपिडो ऐप पर हटिया रेलवे स्टेशन रोड से हरमू चौक की बुकिंग का मैसेज आया। पिकअप लोकेशन पर पहुंचने पर वहां एक लड़की खड़ी मिली। उसने रैपिडो कर्मी से उसका मोबाइल फोन अपने परिवार से बात करने के लिए मांगा। थोड़ी देर बाद वहां एक लड़का पहुंचा और रैपिडो कर्मी पर लड़की से छेड़छाड़ का आरोप लगाने लगा। इसमें लड़की भी उसका साथ देने लगी। जब रैपिडो कर्मी ने अपना मोबाइल मांगा तो वह लड़का रैपिडो कर्मी से मारपीट करने लगा और चाकू निकाल कर उसे जख्मी कर दिया। उसने कहा कि भाग जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। इसके बाद रैपिडो कर्मी वहां से भागकर नजदीक होटल के पास पहुंचा जहां स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। घटना को लेकर पुलिस ने टीम गठित कर जाल बिछाया और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। लड़की के संबंध में आरोपित ने बताया कि वह उसकी पत्नी है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## आवास बेदखली अभियान के विरोध में महाधरना

**धनबाद ।** एफसीआई प्रबंधन का डोमगढ़ आवास बेदखली अभियान के विरोध में मंगलवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने खाद कारखाने के मुख्य प्रवेश द्वार पर महाधरना दिया। महाधरना का नेतृत्व पूर्व विधायक आनंद महतो, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, सीपीआईएम के कालीसेन गुप्ता, सुरेश प्रसाद, झामुमो के नगर अध्यक्ष अशोक महतो, रामू मंडल, राजद के जिला उपाध्यक्ष सुरेश राउत, विकास ठाकुर,गौतम प्रसाद ने किया। धरना में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सभी जुलूस के शक्ल में धरना स्किल पर पहुंचे थे। सभी के हाथों में तख्तियां थी। जिस पर श्लोगन लिखे गए थे।धरनार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने एफसीआई प्रबंधन की आवास आवंटन नीति को भेदभाव पूर्ण करार दिया।कहा कि किसी भी परिस्थिति में डोमगढ़ क्षेत्र का एक भी आवास खाली नही होगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और उनके आश्रितों को दो रुपया प्रति वर्ग फीट के दर और बीस साल के एकमुश्त किराया लेकर अस्थायी लीज पर आवास आवंटित करना न्याय संगत नही है।विधायक ने सुझाव दिया कि एचईसी रांची प्रबंधन के आवास आवंटन नीति के आधार पर सिंदरी में भी आवास आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा कि जमीन खरीद बिक्री का मामला राज्य सरकार के अधीन आता है। पूर्व में एफसीआई प्रबंधन ने जितना भी जमीन दूसरे संस्थानों को दिया है। उसके एवज में प्रबंधन ने राज्य सरकार को राजस्व का भुगतान किया है अथवा नहीं। इसकी जांच कराई जाएगी।पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि हमारे हृदय में सिंदरी बसती है। सिंदरी के लोगों का दुख और समस्या हमारी समस्या है। इसके समाधान तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

## भूख हड़ताल पर बैठे भाजपा नेता की बिगड़ी तबीयत

**पलामू ।** अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर जिले के हरिहरगंज प्रखंड परिसर में भूख हड़ताल कर रहे भाजपा नेता राजीव रंजन की तबीयत मंगलवार को बिगड़ गयी। उन्हें सलाइन चढ़ाना पड़ा। सोमवार को प्रदर्शन के बाद मांगों को लेकर राजीव रंजन आमरण अनशन पर बैठ गए थे। उनकी भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। अनशन के क्रम में भाजपा नेता की तबीयत दूसरे दिन खराब हो गयी है। राजीव रंजन के स्वास्थ्य में गिरावट की सूचना मिलते ही सीओ मनीष कुमार व थाना प्रभारी चंदन कुमार स्थल पर पहुंचे और चिकित्सक को बुलवाया गया। चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार ने राजीव रंजन व जेपी गुप्ता के स्वास्थ्य की जांच उपरांत सलाइन लगाया। मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि विवश होकर जन मुद्दों को लेकर आमरण अनशन पर बैठना पड़ा। जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाएगा, तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा। वह हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में नगरीय सुविधा बहाल करने, ब्लॉक कैंपस में डंप हो रहे शहर के कचरे को दूसरे जगह निस्तारण करने, सब स्टेशन में दस एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं।

## व्यवसायी से 22 लाख रुपये की ठगी, मामला दर्ज

**रामगढ़ ।** रामगढ़ शहर के आलू-प्याज व्यवसायी प्रदीप गुप्ता से होटल न्यू राजस्थान कलेवालय के मालिक मनोज शर्मा और उसकी पत्नी मधु शर्मा ने 22 लाख रुपये ठग लिए हैं। यह आरोप लगाते हुए प्रदीप गुप्ता ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रदीप गुप्ता ने कहा है कि यह रकम जमीन रजिस्ट्री करने के एवज में ठगी गई है। जब जमीन की रजिस्ट्री के लिए वह मनोज शर्मा और मधु शर्मा के पास पहुंचे, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। शर्मा ने रामगढ़ थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि मनोज शर्मा और उसके बड़े भाई गोपाल शर्मा से उसके घनिष्ठ और पारिवारिक संबंध थे। इसी वजह से वह अक्सर गोपाल शर्मा को आर्थिक सहयोग भी करता था। पारिवारिक बंटवारे के बाद न्यू राजस्थान कालेवालय होटल खोलने, नेहरू रोड में राजस्थान रसोई नमक भोजनालय खोलने और यहां तक की गोला प्रखंड में होटल खोलने के लिए उन्होंने आर्थिक सहयोग किया लेकिन जब रजिस्ट्री की बात आई तो मनोज शर्मा और उसकी पत्नी पूरी तरीके से मुकर गए।प्रदीप गुप्ता ने बताया कि मनोज शर्मा ने अपनी पत्नी मधु शर्मा के नाम पर छत्तरमांडू मौज में स्थित साढ़े 80 डिसमिल जमीन की बिक्री करने का प्रस्ताव रखा था। 24 लाख 15000 रुपये में तय हुए सौदे को दोस्ती के कारण उन्होंने इकरारनामा में नहीं बदला। बाद में गोपाल शर्मा के कहने पर ही मनोज शर्मा ने बाकायदा एग्रीमेंट तैयार कर उनसे रुपये लिए। 15 अक्टूबर 2022 से लेकर 17 दिसंबर 2023 तक किस्तों में 22 लाख रुपये मनोज शर्मा ने लिए। हर बार रुपये लेने के बाद वह एग्रीमेंट पेपर घर ले जाता और उसपर अपनी पत्नी मधु शर्मा का हस्ताक्षर करवा कर उन्हें दे जाता था।

## विवादों के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति

केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर दी है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण नियुक्ति की कार्रवाई टालने का अनुरोध कमेटी से किया था। नेता प्रतिपक्ष के अनुरोध को सरकार ने नहीं माना और बहुमत के आधार पर नियुक्ति कर दी है। लोकतंत्र की सफलता स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर निर्भर करती है। भारत में इस जिम्मेदारी को निभाने का दायित्व चुनाव आयोग के पास संवैधानिक रूप मे है। हाल ही में सरकार ने बहुमत के आधार पर चुनाव आयोग में महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बनाया गया है। यह नियुक्त ऐसे समय पर हुई है जब चुनाव आयोग को लेकर सबसे ज्यादा विवाद की स्थिति देखने को मिल रही है। चुनाव आयोग भारतीय लोकतंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता का सबसे बड़ा प्रहरी है। चुनाव आयोग लोकतंत्र के लिए रीड की हड्डी की तरह है। इसकी जिम्मेदारी केवल चुनाव कराना नहीं है। बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है, सभी राजनीतिक दल, प्रत्याशी, आचार संहिता का पालन करें। आम जनता को चुनाव पर विश्वास हो। हर नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कर पाए। यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति ऐसे समय पर हुई है जब चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली को लेकर देश की विभिन्न हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में सरकार द्वारा बनाये गए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए जो कानून बनाया गया है। उसको सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। उसकी सुनवाई 18 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में हो रही है। मामला न्यायालय में लंबित होने के बाद भी सरकार ने नेता प्रतिपक्ष की आपत्ति के बाद, बहुमत के आधार पर नियुक्ति कर दी है जिसके कारण इस नियुक्ति पर विवाद गहरा गया है। पहली बार पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन सेशन ने चुनाव आयोग के अधिकार बताए। निष्पक्ष चुनाव कैसे कराए जाते हैं, यह उन्होंने करके दिखा दिया था। टीएन सेशन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे। तब सरकार और राजनेता उनके फैसलों से घबराते थे। उन्होंने चुनाव के दौरान सभी की जिम्मेदारी तय करके जवाब देह बनाया था। पिछले कुछ वर्षों से चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार विवाद सामने आये हैं। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नजर अंदाज करते हुए जिन तीन लोगों की कमेटी बनाने का जो आदेश सरकार को दिया था। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करते हुए जो कानून बनाया। जिसमें प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त एक केंद्रीय मंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने का अधिकार दिया गया। इस कानून के बनने के बाद से ही इसका विरोध शुरू हो गया था। सुप्रीम कोर्ट में सरकार के इस कानून को चुनौती दी गई है। चुनाव आयोग की नियुक्ति में सरकार का बहुमत होने के कारण निष्पक्ष चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर सवाल खड़े किए गए। सरकार ने जो चुनाव आयुक्तों नियुक्ति की थी। वह अभी भी सुप्रीम कोर्ट में विवादित है। मुख्य चुनाव आयुक्त पर निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने की जिम्मेदारी होती है। विपक्षी राजनीतिक दल सरकार द्वारा बनाए गए कानून का विरोध कर रहे हैं। पूर्व में जिस तरह की नियुक्ति की गई है, उसका भी विरोध कर रहे हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के जो चुनाव हाल ही में हुए हैं। उसको लेकर चुनाव आयोग के ऊपर तरह-तरह के आरोप हैं। चुनाव आयोग द्वारा विपक्षी दलों को कोई जानकारी और स्पष्टीकरण नहीं दिया जा रहा है। सरकार और चुनाव आयोग पारदर्शिता को खत्म कर जानकारी भी देना नहीं

# क्या बिहार चुनाव तक लंबित रहेगा वक्फ बोर्ड एक्ट संशोधन बिल

**अशोक भाटिया**

बीते दिनों संसद में एक नया विधेयक लाया गया जो 1995 के वक्फ कानून में बदलाव करेगा। इस संबंध में संयुक्त समिति की रिपोर्ट पर संसद के सदनों में चर्चा चल रही है। इसका मकसद वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता लाने के साथ महिलाओं को इन बोर्ड में शामिल करना है। सरकार के अनुसार मुस्लिम समुदाय के भीतर से उठ रही मांगों को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। हाल ही में कैबिनेट की ओर से समीक्षा किए गए इस विधेयक का उद्देश्य मौजूदा वक्फ अधिनियम के कई खंडों को रद्द करना है। ये रद्दीकरण मुख्य रूप से वक्फ बोर्डों के मनमाने अधिकार को कम करने के उद्देश्य से हैं, जो वर्तमान में उन्हें अनिवार्य सत्यापन के बिना किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में दावा करने की अनुमति देता है। राजनीतिक दलों के बीच इस बिल को लेकर तीखी बहस छिड़ी है। मोदी सरकार वक्फ बोर्ड एक्ट में संशोधन करने की आहट से ही बिहार में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई । माना जा रहा है कि इस बिल के जरिए केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड के अधिकारों को कम करना चाहती है। जिससे वक्फ बोर्ड को वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित करने की शक्ति कम हो जाएगी। इस बिल को लेकर जहां जेडीयू नेता नीरज कुमार ने बिहार सरकार के मॉडल की तारीफ की है, वहीं आरजेडी नेता मृत्युंजय तिवारी ने सरकार पर धर्म विशेष को निशाना बनाने का आरोप लगाया है।

जेडीयू नेता नीरज कुमार का यह भी कहना है कि इस बिल की पूरी जानकारी तो अभी नहीं है, लेकिन बिहार में वक्फ संपत्तियों के संरक्षण के लिए एक मॉडल तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वक्फ की संपत्ति की सुरक्षा के लिए भू-राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव और जिलों में डीएम को अधिकार दिए हैं।

बताया जाता है कि मुस्लिम संगठनों को वक्फ बोर्ड विधायक के 44 बिंदुओं में से 33 पर आपत्ति है. जेपीसी में जो विरोधी दल है, वह बहिष्कार कर रहे हैं. तो ऐसे में बिहार में क्या स्थिति बनेगी. इस पर मंत्री जमा खान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी संगठनों को आश्वासन दिया है कि बिहार में हम लागू नहीं होने देंगे, जिससे किसी तरह का कोई नुकसान हो. मुस्लिम संगठनों को मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया है. हमारे नेता ने ही जेपीसी में मामले को रखा है.मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से धमकी देने की भी बात भी आ रही थी, इस सवाल पर मंत्री जमा खान ने कहा वैसी कोई बात नहीं है. कुछ लोग बोलते रहते हैं, उनकी बात का कोई मतलब नहीं है. नीतीश कुमार वोट का लालच नहीं करते हैं. वोटरों का सम्मान करते हैं. सबके लिए काम करते हैं, सबके विकास की बात करते हैं. माइनॉरिटी समाज के साथ हमेशा खड़े रहे हैं. उनके साथ कोई परेशानी आएगी तो खड़े रहेंगे.

माइनॉरिटी समाज की नाराजगी को लेकर मंत्री जमा खान कहना है कि माइनॉरिटी समाज की कहीं से कोई नाराजगी नीतीश कुमार से नहीं है. जमा खान ने कहा कि जेपीसी के दौरान जहां भी दिक्कतें थी उस पर बैठकर हम लोग बातचीत की है और उसे दूर किया जा रहा है और उन्हें दूर करने के बाद ही विधेयक को लागू किया जाएगा. बता दें कि वक्फ बोर्ड विधेयक संसद में पेश होने के बाद जदयू ने इसका समर्थन किया था. केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने समर्थन करते हुए कहा था कि मुसलमानों को इससे कोई नुकसान होने वाला नहीं है. लेकिन उसके बाद बिहार में भी सिया वक्फ बोर्ड और सुन्नी वक्फ बोर्ड के साथ मुस्लिम संगठनों ने अपनी नाराजगी मुख्यमंत्री के सामने रखी थी. मुख्यमंत्री के निर्देश पर ललन सिंह की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में बैठक भी हुई थी. जिसमें सभी मुस्लिम संगठनों को भी बुलाया गया था.

मुक्तलिफ़ मुस्लिम तंजीमों के ओहदेदार ÷वक्फ़ बोर्ड संशोधन बिल÷ के सिलसिले में मिले और वाज़ेह और तफ़्सील-वार गुफ़्तुगू हुई थी उनका कहना था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू प्रसाद जी शुरू से ही अक्लियत के हरेक मुद्दे पर संवेदनशील रहे हैं और किसी भी धार्मिक मामलों में सरकार के दख़ल-अंदाज़ी के ख़िलाफ़ हैं। इन संशोधनों से ना सिर्फ़ मुस्लिम बल्कि दीगर मज़हबों के मज़हबी, सकाफ़ती और जायदाद के हुक़ूक़ पर असर पड़ेगा और एक ग़लत नज़ीर क़ायम होगी। हमारी पार्टी मोदी-नीतीश ह्ष्ठ की इस ग़ैर संवैधानिक, ग़ैर ज़रूरी प्रस्तावित संशोधन बिल जो की मुल्क के सेक्युलर ताने-बाने को तोड़ने और धार्मिक उन्माद फैलाने के मक़सद से लाया गया है उसका पुरज़ोर विरोध करती है। हमने आये हुए डेलीगेशन को तसल्ली दिलाया कि हम उनके साथ हैं और किसी क़ीमत पर इसको संसद से पारित नहीं होने देंगे और इस लड़ाई को सभी फोरम पर लड़ेंगे। अफ़सोस है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बिल के समर्थन में हैं गौरतलब है की इस समय वक्फ बिल को लेकर सभी राजनीतिक दलों का निशाना बिहार विधानसभा चुनाव की तरफ भी है। तो वहीं, विपक्ष की कोशिश है कि जेडीयू के ऊपर दबाव डालकर इस बिल को ज्यादा से ज्यादा लंबे समय तक खींचा जाए। जिसे कहीं ना कहीं विपक्ष अपनी जीत मानकर उसे विधानसभा चुनाव में जोर-शोर से प्रचारित करेगा। तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की कोशिश है कि मुस्लिम समाज में सुधार हो और जरूरत के हिसाब से लोगों को उनके अधिकार सुनिश्चित हो सकें।आगे उन्होंने बताया कि वक्त बिल को लेकर राजनीतिक चर्चाएं चुनाव के दौरान ही जोर पकड़ते हैं, यह एक प्रकार का ट्रेंड बन चुका है। जो हमें महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, हरियाणा चुनाव और दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी दिख चुका है और इसी प्रकार की कोशिश बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भी हो रही है। इसके अलावा भी आगे असम और बंगाल विधानसभा चुनावों को भी सभी राजनीतिक दल जीतने की कोशिश करेंगे और यही लाभ उठाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने ना तो जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाया और ना ही इसे इस मानसून सत्र में भी लागू नहीं किया। एडिटर नीरज कुमार दुबे ने इस बिल को लेकर अपनी राय देते हुए बताया कि यह बिल वर्तमान समय की मांग है। तो वहीं, इसके प्रावधानों को और भी अधिक सख्त किया जा सकता है।भाजपा का मानना है कि इसके लिए सभी समुदायों से बात करना जरूरी है इससे मुस्लिम समाज में लोगों को उनके अधिकार निश्चित रूप से मिलेंगे। आगे उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के दौरान हुए आंदोलन से सबक लिया है। इसीलिए सरकार एक-एक कदम फूंक-फूंक कर रख रही है। जिससे इस विधेयक को लेकर कोई बड़ा जनांदोलन आकर ना ले सके। तो वहीं, इसी प्रकार केंद्र सरकार छोटे-छोटे टुकड़ों में राज्यों में यूसीसी लागू करके लोगों के मन में जो संदेह व्याप्त है, उसे दूर करने की कोशिश कर रही है। जब यूसीसी से सभी समुदायों के अंदर का डर खत्म हो जाएगा तो कहीं ना कहीं सरकार इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का विचार जरूर करेगी।उन्होंने आशंका जताई कि अगर कोविड ना आया होता तो शायद नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ आंदोलन अभी भी चल रहे होते और इस एक्ट को लेकर पूरी दुनिया में सरकार की आलोचना हुई थी। इसी प्रकार का सबक सरकार ने किसान आंदोलन से भी लिया है। यह एक गठबंधन की सरकार है। इसीलिए मोदी सरकार सभी दलों और संगठनों के साथ सामंजस्य से ही आगे बढ़ने का विचार कर रही है।

माना जा रहा है कि इस बिल के जरिए मोदी सरकार वक्फ बोर्ड की उस शक्ति पर अंकुश लगाना चाहती है, जिसके तहत वक्फ बोर्ड किसी भी संपत्ति को वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित कर सकता है। इस बिल के पास होने के बाद वक्फ बोर्ड के कई अधिकारों पर रोक लग सकती है। वर्तमान में देशभर में 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 30 वक्फ बोर्ड कार्यरत हैं। ये देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस बिल को लेकर क्या बहस होती है और इसका बिहार समेत पूरे देश पर क्या असर पड़ता है। इसके अलावा प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक करार देते हुए हाल में ही कहा कि मुस्लिम समुदाय इसे स्वीकार नहीं कर सकता।उन्होंने यह भी कहा कि संसद से इस विधेयक के पारित होने पर इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।मदनी ने यह बयान उस वक्त दिया जब बृहस्पतिवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को लोकसभा और राज्यसभा के पटल पर रखा गया।मुस्लिम संगठन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, मदनी ने कहा कि शंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, वे सही साबित हुईं। इन संशोधनों के जरिए केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों की स्थिति और प्रकृति को बदलना चाहती है, ताकि उन पर कब्जा करना आसान हो जाए और उनका मुस्लिम वक्फ का दर्जा खत्म हो जाए।''उनका कहना था कि पहले के कानून की धारा 3 में वक्फ बोर्ड यह तय करता था कि कोई वक्फ वैध है या नहीं, अब मौजूदा संशोधन में यह अधिकार कलेक्टर को दे दिया गया है, लेकिन अब मौजूदा 14 संशोधनों में जो अभी संसद में पेश किए गए हैं, एक नए संशोधन ने कलेक्टर से लेकर उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी को जांच का अधिकार दिया है जो यह तय करेगा कि यह संपत्ति सरकारी है या वक्फ की जमीन है।मौलाना मदनी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के विरोध के बाद वक्फ नियम में बदलाव किया गया। उन्होंने कहा है कि हम इस तानाशाही कानून को स्वीकार नहीं कर सकते।मदनी ने कहा कि ''धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दलों'' के पास अभी भी मौका है कि वे इस कानून को संसद में पारित होने से रोकें और इसका खुलकर विरोध करें।



## पोडरा में भीषण जल संकट, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** महेशपुर (पाकुड़) प्रखंड के पोडरा गांव में भीषण जल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों ने मंगलवार को महेशपुर- शहरग्राम मुख्य पथ को बांस बल्ला व पतीला रखकर घण्टो सड़क जाम कर दिया। वही पोडरा गांव के सैकड़ो महिला व पुरूष ग्रामीणों ने जमकर विभाग व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का चापानल व जलमीनार खराब पड़ा है। ग्रामीण एक किलोमीटर दूर झरना का पानी लाकर पानी पीने को मजबूर हैं। पेयजल की मांग को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारी को आवेदन दिया गया है, लेकिन उन लोगों के समस्या का समाधान विभाग द्वारा नहीं किया गया है।बताया कि बीते दो वर्ष पूर्व पीएचडी विभाग के द्वारा जल मीनार का निर्माण कराया गया था। उक्त निर्माण के समय 750 फीट गहराई करना था, लेकिन संबंधित ठेकेदार के द्वारा मात्र 120 फिट गहराई कर जैसे तैसे मोटर बैठा दिया गया है। इसके बाद से दोनों जलमीनर से पानी नहीं निकला रहा है, जिसके कारण गांव में पेयजल के लिए भीषण संकट है उधर जाम महेशपुर- शहरग्राम मुख्य सड़क जाम की सूचना मिलते ही सीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव व महेशपुर पुलिस जाम स्थल पहुंचकर ग्रामीणों को सड़क जाम हटाने को लेकर काफी समजाया,लेकिन प्यासा ग्रामीणों ने त्वरित पेयजल संकट को दूर करने को लेकर अड़े रहे. वही करीब ढाई घण्टो के बाद अधिकारियों के समझाने बुझाने के बाद सड़क जाम हटाया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर दोनों जलमीनार को मरम्मत कराकर ग्रामीणों की पेयजल की समस्या को दूर की जाएगी।

## एनएच- 333ए के लिए भूमि अधिग्रहण का सर्वे पर रैयतों ने जताई आपत्ति

हिरणपुर (पाकुड़ )राष्ट्रीय राजमार्ग 333ए का निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए किये गए सर्वे का खिलाफ मौजा तारापुर संथाली एवं गोविंदपुर के 16 आना रैयतों ने उपायुक्त पाकुड़ से शिकायत की है।दोनों मौजा के 16 आना रैयतों ने हस्ताक्षरित आवेदन में उल्लेख किया है कि एनएच-133ए के भूमि अधिग्रहण के लिए हिरणपुर अंचल क्षेत्र के मौजा तारापुर संथाली संख्या- 43 एवं गोविंदपुर में गलत सर्वे किया गया है।दोनों गांव के बीचो-बीच जो पुराना सड़क पूरब-पश्चिम दिशा में है,लेकिन सर्वेकर्ता द्वारा किसी तरफ 40 फुट चौड़ा जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है।जबकि किसी तरफ जमीन नही लिया गया है। संबधित कर्मचारी द्वारा जो नक्सा दिया गया है वह सरासर गलत है।इसको लेकर रैयतों ने इसकी जांच कर पुनः सर्वे कर न्याय की मांग की है।

## परिवहन विभाग ने बिना रजिस्ट्रेशन के 19 टोटो से वसूला 42 हजार का जुर्माना

पाकुड़।बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के चल रहे टोटो पर परिवहन विभाग की गिरी गाज । मंगलवार को नगर थाना के समीप वैसे टोटो की जांच हुई । इस कार्यवाही से टोटो चालक में हड़कंप मच गया और टोटो चालक जहां तहां से अपनी गाड़ी घुमाकर कर भागते हुए नज़र आए । डीटीओ संजय पीएम कुजूर ने कहा कि विभाग द्वारा कई बार चेतावनी देकर टोटो चालकों को छोड़ जाता रहा है परंतु टोटो चालक द्वारा नियम के विरुद्ध बिना रजिस्ट्रेशन नंबर लिए गाड़ी को चलाते हैं ऐसे चालकों से जुर्माना वसूला गया । टोटो चालकों की मनमानी के कारण शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गयी है । कई ऐसे टोटो है जो कि बंगाल से आकर पाकुड़ में बिना रजिस्ट्रेशन के टोटो चलाते हैं उस पर कार्रवाई की गई है । सभी टोटो चालकों को जहां से टोटो की खरीदारी किए हैं विक्रेता के द्वारा डीटीओ विभाग से निबंधन नंबर देने की बात कही । साथ ही बिक्री के समय निबंधन करने को लेकर डीलरों को भी चेतावनी भेजी जा रही है ?। 19 टोटो चालकों पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने 42 हजार नौ सौ रुपये जुर्माना वसूला गया । मौके पर विभाग कर्मी के अलावा नगर थाना प्रभारी व अन्य मौजूद थे।

# लिट्टीपाड़ा सीएचसी में स्वास्थ्य सेवा ठप, स्वास्थ्य कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन

**संवाददाता संताल एक्सप्रेस**

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़ )सामुदायिक स्वस्थ केंद्र परिसर में मंगलवार को स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सुरक्षा व स्वास्थ कर्मियों पर हुए मारपीट करने वाले को जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर धरना पर बैठे है, धरना में बैठे कर्मियों को समझाने पहुँचे अनुमंडलाधिकारी साइमन मरांडी व सिविल सर्जन व बीडीओ संजय कुमार की बात स्वास्थ कर्मियों नही मानी और उन्हें वापस लौटना पड़ा।पीड़ित नर्स सीलु सलिनी मुर्मू , रिंकू ऋषि हेम्ब्रम, माया मुर्मू, ओम प्रकाश पांडे, सीएचओ राहुल कुमार व अनिल कुमार ने कहा जब तक जिला प्रशासन लिखित नही देती है कि हमारे साथ अब कही भी कोई अप्रिय घटना नही होगी, उसकी




सुरक्षा देंगे। तबतक हम सभी स्वास्थ कर्मी हड़ताल पर बैठे रहेंगे।जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय झेनागड़िया में सोमवार को फाइलेरिया का दवा खिलाने के पश्चात कुछ बच्चे को जी मिचलाने लगा था पर कोई छति नही हुई थी। बच्चों के अभिभावक द्वारा स्वस्थ कर्मियों के साथ मारपीट करने के साथ अभद्र व्यवहार किया था।मारपीट में सीलु सलिनी मुर्मू बुरी तरह घायल हो गयी थी जिससे नाराज स्वास्थ कर्मियों ने मंगलवार को धरने पर बैठ गए। स्वास्थ कर्मी का कहना है कि जब तक हम लोगो को सुरक्षा जिला प्रशासन नही देगी तथा मारपीट करने वाले महिलाओ को गिरफ्तार पुलिस अविलम्ब करे

तबतक हम लोग काम पर नही लौटेंगे। धरना पर बैठे कमी पुलिस प्रशासन के खिलाप जमकर नारे लगा रहे थे।जिला प्रशासन की ओर से एसडीओ साइमन मरांडी व बीडीओ संजय कुमार ने सभी स्वास्थ कर्मियों को समझाने का प्रयास किया और कहा यह घटना थी हमेशा नही होगा, जिला प्रशासन आपके साथ है। पर कर्मी नही माने समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था।

## फाइलेरियारोधी दवा को लेकर ग्रामीणों से पदाधिकारियों ने की वार्ता

संताल एक्सप्रेस हिरणपुर (पाकुड़)। फाइलेरियारोधी दवा की सेवन को लेकर पदाधिकारियो ने सोमवार देरशाम तोड़ाई पंचायत अंतर्गत खजुरडांगा गांव में जाकर ग्रामीणों से वार्ता किया व लोगो को जागरूक किया गया।गांव में दवा खिलाने को लेकर ग्रामीणों में कुछ असन्तोष था। इसको लेकर बीडीओ टुडू दिलीप , अंचलाधिकारी मनोज कुमार व चिकित्सा प्रभारी डा. सुनील कुमार सिंह गांव में पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने कहा कि गांव के अधिकांश लोग दवा खा चुका है। दो -तीन बच्चो में सामान्य असर पड़ा है। चिकित्सा प्रभारी ने तुरन्त बच्चो की जांच करने पर सभी को स्वस्थ्य पाया। पदाधिकारियो ने उपस्थित ग्रामीणों से काफी देरतक वार्ता किया व दवा खिलाने को लेकर लोगो को प्रेरित किया। चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि सभी लोगो को कृमि व फाइलेरियारोधी दवा खाना आवश्यक है। जिससे कि रोग से बचाव किया जा सके। पूर्व से जो भी फाइलेरिया बीमारी से ग्रसित है। वैसे व्यक्ति को दवा खाने के बाद सामान्य असर करेगा। जो मरीज के लिए लाभदायक होगा।।इस दवा को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नही है। वही स्वास्थ्य पर कोई असर नही पड़ेगा। हिरणपुर प्रखंड में 96 हजार लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। इसमे से करीब 57 हजार लोगों को दवा खिलाया जा चुका है । आगामी 24 फरवरी तक लक्ष्य अनुरूप सभी को दवा खिलाना है।लोगो से अपील करते हुए बीडीओ ने कहा कि सभी लोग दवा खाये। जिससे कि फाइलेरिया रोग से बचाव किया जा सके।

## बांसलोय नदी से मिली देवी लोलिता की प्राचीनतम मूर्ति राज्य संग्रहालय के लिए रवाना

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**पाकुड़। 14 मई 2024 को महेशपुर के कुलबोना गांव में बासलोय नदी से बालु उठाव के क्रम में मजदूरों को काले पत्थर की एक प्राचीन मुर्ति मिली थी। मुर्ति को प्रशासन ने तत्काल सुरक्षित रूप से जिला कोषागार, पाकुड़ में रखा।मुर्ति की पहचान अग्नि पुराण में वर्णित भगवान शिव की पत्नी लोलिता देवी के रूप में की गई है। यह मुर्ति क्लोरिटाइड फाइलाइट से बनाई गई है।अधीक्षण पुरातत्वविद् (एएसआई, रांची सर्किल) के निर्देशानुसार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, रांची सर्किल की एक टीम, डॉ. नीरज कुमार मिश्रा, सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् महाबीर ब्रम्हचारी, ड्राफ्ट्समैन ग्रेड-1, पुरातत्व निदेशालय, झारखंड राज्य के अधिकारी मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से दिनांक 04-11-2024 को ग्राम- कुलबोना, ब्लॉक- महेशपुर जिला- पाकुड़ में बासलोई नदी से प्राप्त देवी ललिता की मूर्ति का निरीक्षण किया था । जिसे 18 फरवरी मंगलवार को राज्य संग्रहालय, होटवार, रांची में प्रदर्शित करने के लिए कोषागार, पाकुड़ से स्कॉट कर ले जाया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि महेशपुर प्रखंड के साथ-साथ पूरे पाकुड़ जिला के लिए यह गौरव का क्षण है। क्योंकि पूरे झारखंड में इस तरह का स्थापत्य कला की यह पहली मुर्ति पाई गई है।

## विधायक ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण, दो एंबुलेंस कराया मुहैया



संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़ । मंगलवार को पाकुड़ विधायक निसाता आलम ने सदर अस्पताल सोनाजोड़ीका औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। साथ ही अस्पताल की सभी आवश्यक अवयवों की बारीकी से निरीक्षण किया। विधायक ने उपस्थित डॉक्टर समेत प्रभारी डा मनीष कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। डॉ मनीष कुमार ने अस्पताल के वस्तु स्थिति से अवगत कराया एवं मरीज की बेहतर सेवा प्रदान करने की बात कही।तत्पश्चात विधायक निसात आलम ने पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंची और क्षेत्र वासियों की बेहतर स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था हेतु आकस्मिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु पूर्व मंत्री आलमगीर आलम साहब के विधायक नीधी से दो एंबुलेंस मुहिया कराया गया। जिसका का उद्घाटन वर्तमान विधायक निसात आलम जी ने फीता काटकर किया। वही विधायक ने पाकुड़ स्थित डीडीएच में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन विधिवत फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मरीजों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस डीडीएच मिल का पत्थर साबित होगा। तत्पुश्चात विधायक निशात आलम ने पंचायत हीरानंदनपुर , भवानीपुर फारसा के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान विधायक ने जनसमस्याओं से रुबरु हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष कुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, जिला परिषद सदस्य मंजुला हसदा,सोशल मीडिया प्रभारी पियारुल इस्लाम, शाहीन परवेज,रामविलास महतो, ओबीसी अध्यक्ष आमिर हमजा,युवा उपाध्यक्ष बिलाल शेख, मुखिया प्रतिनिधि सेलिम हुसैन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में गाजीपुर ने बोकारो को एक गोल से हराया



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** हिरणपुर ( पाकुड़) मंगलवार को गोपालपुर मैदान में आदिवासी एभेन गाउता के द्वारा आयोजित फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में गाजीपुर (यूपी) टीम ने बोकारो को हराकर शील्ड पर कब्जा जमाया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया। विधायक के आगमन पर आयोजक कमिटी द्वारा आदिवासी परम्परा अनुरूप स्वागत किया गया। बीते 16 फरवरी से आयोजित इस टूर्नामिंट में झारखण्ड सहित बिहार , बंगाल , यूपी के नामचीन टीम ने भाग लिया था। फाइनल खेल देखने को लेकर हजारो की संख्या में दर्शक उपस्थित थे । वही खेल प्रारम्भ होने के पूर्व कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।फाइनल खेल के दौरान दोनों टीम के बीच जमकर मुकाबला हुआ। जिसमें गाजीपुर टीम ने एक गोल से बाजी मारी। विधायक ने विजेता टीम को पांच लाख व उप विजेता टीम को चार लाख की राशि देकर पुरस्कृत किया गया। वही सेमि फाइनल में पहुंचे दो टीम को एक -एक लाख की राशि देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर झामूमो के सुलेमान बास्की , रंजन साहा , दानियल किस्कु , प्रसाद जब्बार अंसारी , अब्दुल गनी सुलेमान मुर्मु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सखी दीदी की मेहनत और कर्मठता ने लिट्टीपाड़ा के पिछड़ेपन के कलंक को मिटाने का काम किया विधायक



**संताल एक्सप्रेस लिट्टीपाड़ा**( पाकुड़ )प्रखण्ड परिसर में मंगलवार को सखी दीदी सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक हेमलाल मुर्मू व बीडीओ संजय कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया जहाँ स्थानीय विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर स्वयं सहायता समूह के सखी दीदियों से सीधे संवाद कर उनके उनती पर चर्चा किया और उनके समस्याओं से रूबरू हुए। विधायक ने कहा यहां के महिलाओ में वो शक्ति है कि पत्थर में भी घास उगा सकते है।उन्होंने कहा ऐसा इसलिए मैं कह रहा हूँ कि गुतु गलांग कल्याण ट्रस्ट से जुड़कर यहां के आदिम जन जाति महिलाएं डाकिया योजना के अनाज पेकिंग के लिए पूरे राज्य में बोरा बनाकर देती है। जो गौरव का बात है चुकी देश के सबसे दस पिछड़े प्रखंडो में लिट्टीपाड़ा का नाम आता है और हमे लगता है कि इस महान कार्य से इस प्रखण्ड पर लगे कलंक धूल गया है।उन्होंने कहा हमारे माताए व बहने काफी सजग व कर्मठ है उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने में जेसलपीएस ने जो कार्य किया है वो सराहनीय है। विधायक ने कहा यहाँ के युवा शराब की बुरी लत से घर परिवार को उजाड़ दे रहे है इसलिए आप जैसी सजग व ऊर्जावान महिलाएं रास्ते से भटके युवकों व अपने पुरुषों को सत पथ पर लाने जानते है तभी हमारा समाज बचेगा।उन्होंने कहा आप जितना चाहे रोजगार कर उनती कर सकते है हेमन्त सरकार पशु पालन में गाय, सुअर ,मुर्गी आदि पालन कर प्रति माह लाखो रुपया कमा सकते है।आप लोगो को मेरी जब भी जरूरत हो फोन सीधे मुझे करे। किसी दलाल या बिचौलिया के द्वारा हम से बात नही करे। आप जब चाहे कही भी बैठक में बुलाकर सहयोग ले सकते है।ततपश्चात विधायक ने सखी दीदियों के कई समूह को करोड़ो का चेक व किड देकर सशक्त किया।

## बीडीओ ने कई योजनाओं का किया निरीक्षण

महेशपुर (पाकुड़ )प्रशासन दिवस के अवसर पर मंगलवार को एलआरडीसी मनीष कुमार ने बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव के साथ मिलकर कानीझाड़ा व जयनगरा पंचायत में चल रहे कल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया।वही एलआरडीसी ने बिरसा हरित ग्राम योजना, जन वितरण प्रणाली दुकान, अबुआ आवास योजना, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन सहित कई योजनाओं का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दरम्यान जहां भी कमी पाई गई है। एक सप्ताह के अंदर संबंधित कमियो को दूर करने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ रिजवान फारूकी, एमओ फकरे आजम सहित अन्य मौजूद थे।

# मधुपुर में बम हमले की साजिश का पर्दाफाश

## शिक्षक संजय कुमार दास की हत्या का आरोपी गिरफ्तार





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** मधुपुर थाना क्षेत्र में 13 फरवरी को हुई बम हमले और हत्या करवाने की गंभीर घटना में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना उषा रानी दास द्वारा शिकायत किए जाने के बाद मधुपुर थाना कांड सं0-28/25 के रूप में दर्ज की गई थी। मामले में राजेश दास, मनोज राय, और संजय राउत समेत तीन अभियुक्तों पर बम से हत्या करवाने का आरोप था। गौरतलब है कि उषा रानी दास ने अपनी शिकायत में बताया कि तीनों अभियुक्तों ने मिलकर अज्ञात व्यक्ति के माध्यम से बम हमला करवाया, जिसके कारण उसकी जान चली गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मधुपुर ने कांड की तफ्तीश को गम्भीरता से लेते हुए एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया। पु0नि0 देवेश कुमार भगत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी और जांच का कार्य प्रारंभ किया। टीम ने कड़ी मेहनत की और कुछ ही दिनों में मामले का उद्भेदन कर लिया। 17 फरवरी को पुलिस ने मधुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत धमना फतेहपुर निवासी बलदेव राय 62 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान इस कांड में अपनी संलिसता स्वीकार की। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर टीवीएस मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नं0जेएच21एफ-1781 भी बरामद की, जिसका उपयोग बम हमले में किया गया था। इससे पहले, 13 फरवरी को महुआडाबर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार दास की बम से हत्या कर दी गई। वह झारखंड स्टेट प्राइमरी शिक्षक संघ के प्रमंडलीय उप महासचिव थे। गुरुवार को वह अपनी स्कूटी से भेड़वा नवाडीह जा रहे थे, तभी घात लगाए अपराधियों ने उन पर दो बम फेंक दिए। बम विस्फोट इतना भीषण था कि उनका चेहरा क्षत-विक्षत हो गया, और वह मौके पर ही दम तोड़ गए। अपराधी वारदात के बाद फरार हो गए। वही छापामारी टीम में मधुपुर थाना प्रभारी पु0नि0 त्रिलोचन तामसोय,पाथरोल थाना प्रभारी पु0अ0नि0 दिलीप कुमार विलुग,बुदैई थाना प्रभारी पु0अ0नि0 शकील अहमद,मधुपुर थाना के पु0अ0नि0 शौकत खान,पु0अ0नि0 शंकर कुमार रजक,स0अ0नि0 सामन्त कुमार, आरक्षी राजीव मुर्मू,मो0 आजाउद्दीन सहित मधुपुर थाना सशस्त्रबल शामिल थे।

# मधुपुर सड़क हादसे में महिला हेड कैशियर की मौत

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**देवघर।** मधुपुर अनुमंडल के पथरोल थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें सिमरा सेंट्रल बैंक की महिला हेड कैशियर की मौत हो गई। हादसा कलहोड़ मोड़ के पास एक मालवाहक मैजिक वैन और बाइक के बीच टक्कर से हुआ। मृतका की पहचान 38 वर्षीय नेहा सिन्हा के रूप में हुई है, जो बिहार के पटना जिले की रहने वाली थीं। वह वर्तमान में गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के बारमसिया करबला रोड स्थित अपने मायके में रह रही थीं। उनके पति ऋषि अम्बाष्ठ बिहार के आरा जिले में इन्कमटैक्स विभाग में कार्यरत हैं। नेहा सिन्हा सिमरामोड़ स्थित सेंट्रल बैंक में हेड कैशियर के पद पर कार्यरत थीं। घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद की और उन्हें मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नेहा सिन्हा अपने पीछे दो छोटे बच्चों और अपने माता-पिता को छोड़ गई हैं। जानकारी के अनुसार, नेहा सिन्हा हर दिन ट्रेन से गिरिडीह से मधुपुर आती थीं और बैंक जाने के लिए सिमरा मोड़ के पास एक जान पहचान वाले व्यक्ति के साथ बाइक पर बैठकर जाती थीं। मंगलवार को भी वह इसी रूट पर थी, जब अचानक एक अज्ञात मालवाहक मैजिक वैन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में नेहा सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गईं और सिर में चोट लगने के कारण उनकी मौत हो गई। इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है।

# रेलवे ने किया ट्रेनों का रूट परिवर्तन, यात्री यात्रा से पहले चेक करें नया मार्ग

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** आसनसोल मंडल ने परिचालन कारणों से विभिन्न ट्रेनों को रद्द और मार्ग परिवर्तन के तहत विनियमित करने का निर्णय लिया है। यात्रियों को किसी भी असुविधा से बचने के लिए रेलवे ने यह कदम उठाया है, ताकि यात्रा की सुविधा को सुनिश्चित किया जा सके। रेलवे द्वारा रद्द की गई ट्रेनों की सूची में 12311 हावड़ा कालका नेताजी एक्सप्रेस और 12312 कालका हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस शामिल हैं। ये दोनों ट्रेनें 18 और 19 फरवरी, 2025 को चलने वाली थीं, लेकिन अब इनका परिचालन रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, 12176 ग्वालियर हावड़ा चंबल एक्सप्रेस और 12175 हावड़ा ग्वालियर चंबल एक्सप्रेस भी रद्द कर दी गई हैं, जो क्रमशः 18 और 19 फरवरी, 2025 को चलने वाली थीं। इसके अतिरिक्त, 22911 इंदौर हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस 18 फरवरी, 2025 और 22912 हावड़ा इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस 20 फरवरी, 2025 को भी रद्द कर दिया गया है। साथ ही, 22466 आनंद विहार टर्मिनल - मधुपुर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 19 फरवरी, 2025 और 22465 मधुपुर - आनंद विहार टर्मिनल बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 20 फरवरी, 2025 का परिचालन भी प्रभावित रहेगा। इसके साथ ही, रेलवे ने कुछ ट्रेनों के मार्ग में भी परिवर्तन किया है। 12330 आनंद विहार (टर्मिनल) - सियालदह संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (19 और 26 फरवरी, 2025) अब कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-पं. दीन दयाल उपाध्याय के रास्ते चलाई जाएगी, जबकि 12329 सियालदह-आनंद विहार (टर्मिनल) संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 18 और 25 फरवरी, 2025 को पं. दीन दयाल उपाध्याय-बाराणसी-जंघई-उन्नाव जंक्शन-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाया जाएगा।

# नगर आयुक्त ने निगम की योजनाओं का किया निरीक्षण, तीन प्रमुख योजनाओं पर जताई चिंता

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**देवघर।** नगर निगम आयुक्त रोहित सिन्हा ने मंगलवार को निगम के तीन प्रमुख योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इन योजनाओं में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट, सेप्टेज प्लांट, और लिगेसी वेस्ट शामिल हैं। यह निरीक्षण पच्छियारी कोटिया में स्थित इन योजनाओं की स्थिति का आकलन करने के लिए किया गया था। जिसमें नगर आयुक्त ने 101 केएलडी क्षमता वाले सेप्टेज प्लांट का निरीक्षण किया, जिसमें कमिशनिंग प्रक्रिया की गति पर सवाल उठाए। उन्होंने अधिकारियों से इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए और प्लांट की पूरी क्षमता से कार्य करने का आग्रह किया। वही नगर निगम के तहत 102199 मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट का निस्तारण लार्ड शिव एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने एजेंसी को सख्त निर्देश दिया कि वेस्ट से निकलने वाले आरडीएफ, वीसॉइल और इनर्ट का निस्तारण समय पर किया जाए। निरीक्षण के दौरान, आरडीएफ के निस्तारण में मिली कमियों पर नगर आयुक्त ने एजेंसी को फटकार भी लगाई। उन्होंने तुरंत कोप्रोसिडिंग सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

## बाबा मंदिर के सभी दानपात्रों को खोला गया



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** बाबा मंदिर प्रांगण स्थित 18 दानपात्र को मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया। साथ ही गिनती के पश्चात दानपात्र से कुल आय 9,85,887 रुपए के अलावा नेपाली नगद - 1,160, कनेडियन डॉलर - 50 दान स्वरूप प्राप्त हुआ। इससे अलावे मंदिर के दान पात्र को कड़ी सुरक्षा के बीच खोला गया। पात्र से निकले पैसे को गिनती के लिए मंदिर प्रशासनिक भवन में रखा गया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व 16 जनवरी को मंदिर प्रांगण के सभी दानपत्रों को खोला गया था।


**।। कार्यालय, जिला परिषद्, दुमका ।।**

E-mail- z.pdumka2014@gmail.com

–: रद्द पत्र :–

Ref. PR 345576 DISTRICT(24-25)D

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला परिषद्, दुमका द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–ZP-DUM-32/2024 को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

अगली सूचना का प्रकाशन कर दिया जायेगा।

सौरव कुमार,
कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, दुमका

PR 346722 (District)24-25*D


# महाकुंभ व महाशिवरात्रि को लेकर एसडीओ ने जसीडीह व मधुपुर रेलवे स्टेशनों का किया निरीक्षण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**देवघर ।** जिले से महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ महाशिवरात्रि को लेकर देवघर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा से रेल परिवहन पर बढ़े दबाव के मद्देनजर किए गए कार्यों का निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार द्वारा जसीडीह जंक्शन व अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार द्वारा मधुपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। साथ ही रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा और सुरक्षाओं व्यवस्था के अलावा भीड़ नियंत्रण के इंतजाम, यातायात व्यवस्था,पार्किंग की सुविधा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा महाकुंभ व महाशिवरात्रि के श्रद्धालुओं एवं अन्य यात्रियों के लिए यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक उपाय लागू करने का निदेश दिया गया है, ताकि सभी रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम रेलवे स्टेशन पर रहे। इसके अलावा जसीडीह जंक्शन और मधुपुर जंक्शन परिसर व स्टेशन में साफ-सफाई के अलावा ट्रैन आगमन के समय यात्रियों को ट्रैन से उतरने या चढ़ने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखने का निर्देश रेलवे स्टेशन के अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया।

## स्वामी रामकृष्ण परमहंस को दी गयी श्रद्धांजलि

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने जयंती पर महान साधक स्वामी रामकृष्ण परमहंस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे मानवता को सर्वोपरि रखने वाले एक महान संत, करुणा और स्नेह व बंधुत्व तथा सद्भाव एवं स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरू तथा विचारक थे। उन्होंने सभी धर्म की एकता पर जोर दिया। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन का गठन किया जो आज भी भारतीयों के लिए मार्गदर्शन बना हुआ है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन में दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर,चर्च,विचारधारा,ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस निश्चित रूप से मानवता के पुजारी, त्याग, सेवा और साधना की प्रतिमूर्ति थे।

## हावड़ा से चलने वाली कई ट्रेने देरी से होगी रवाना

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** डाउन लिंक ट्रेनों के देरी से संचालन के कारण रेलवे ने हावड़ा से रवाना होने वाली कई प्रमुख ट्रेनों के समय में बदलाव किया है। यात्रियों को अपने सफर की योजना बनाते समय नए समय सारणी का ध्यान रखने की सलाह दी गई है। रेलवे के अनुसार, निम्नलिखित ट्रेनों का पुनर्निर्धारण किया गया है। 20975 हावड़ा-आगरा कैंट चंबल एक्सप्रेस - 18 फरवरी 2025 को 17:45 बजे रवाना होने वाली यह ट्रेन अब रात 23:55 बजे प्रस्थान करेगी। 12333 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस - 18 फरवरी को 19:55 बजे रवाना होने वाली यह ट्रेन 19 फरवरी को तड़के 01:30 बजे चलेगी। 13009 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस - 18 फरवरी को 20:25 बजे रवाना होने वाली यह ट्रेन 19 फरवरी को सुबह 03:30 बजे प्रस्थान करेगी। 12307 हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस - 18 फरवरी को 23:30 बजे रवाना होने वाली यह ट्रेन 19 फरवरी को सुबह 04:00 बजे चलेगी।


**देवघर समाहरणालय**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**

आम सूचना

ज्ञापांक–138/भू अ०, दिनांक–17.02.2025

देवघर जिला अंतर्गत सरकार के अतिमहत्वपूर्ण परियोजना **मधुपुर बाईपास रेल लाईन परियोजना हेतु** ग्राम–पहाड़पुर, थाना सं०–222, कुल–4.351, ग्राम–पटवाबाद, थाना सं०–221, कुल–3.1515 एकड़, ग्राम–सपहा, थाना सं०–265, कुल–6.3765 एकड़ भूमि थाना–मधुपुर, अंचल–मधुपुर, जिला–देवघर के पंचाटियों को मुआवजा भुगतान हेतु व्यक्तिगत नोटिस निर्गत कर **मुआवजा राशि भुगतान शिविर का आयोजन** दिनांक–**22.02.2025 को** समय–11:00 बजे पूर्वाह्न में स्थान–**पंचायत भवन, पटवाबाद, प्रखण्ड–मधुपुर, जिला–देवघर** में किया गया है।

अतः आप सभी संबंधित पंचाटियों को निदेश दिया जाता है कि मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु उक्त निर्धारित तिथि को वैद्य साक्ष्य के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें, ताकि मुआवजा राशि भुगतान के लिए नियमानुसार कार्रवाई किया जा सके।

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,देवघर

PR 346679 Deoghar(24-25).D



**देवघर समाहरणालय**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**

आम सूचना

ज्ञापांक–137/भू अ०, दिनांक–17.02.2025

देवघर जिला अंतर्गत सरकार के अतिमहत्वपूर्ण परियोजना मधुपुर बाईपास रेल लाईन परियोजना हेतु ग्राम–धमना, थाना सं०–219, कुल–0.143, ग्राम–गड़िया, थाना सं०–212, कुल–0.01 एकड़, ग्राम–नारायणपुर, थाना सं०–228, कुल–0.470, ग्राम–नवाडीह, थाना सं०–225–227, कुल–1.313, ग्राम–पथरिया, थाना सं०–230, कुल–1.244, ग्राम–सबैजोर, थाना सं०–223, कुल– 0.389 एकड़ भूमि थाना–मधुपुर, अंचल–मधुपुर, जिला–देवघर के पंचाटियों को मुआवजा भुगतान हेतु व्यक्तिगत नोटिस निर्गत कर मुआवजा राशि भुगतान शिविर का आयोजन दिनांक–21.02.2025 को समय–11:00 बजे पूर्वाह्न में स्थान–उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नारायणपुर, प्रखण्ड–मधुपुर, जिला–देवघर में किया गया है।

अतः आप सभी संबंधित पंचाटियों को निदेश दिया जाता है कि मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु उक्त निर्धारित तिथि को वैद्य साक्ष्य के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें, ताकि मुआवजा राशि भुगतान के लिए नियमानुसार कार्रवाई किया जा सके।

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, देवघर।

PR.NO.346677 Deoghar(24-25):D


# सेवार्थ का प्रतिनिधिमंडल देवघर एयरपोर्ट के डायरेक्टर से मिला

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**देवघर ।** सेवार्थ के वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य ने देवघर एयरपोर्ट के नव पदस्थापित डायरेक्टर रमनदीप सिंह से मुलाकात की। सर्वप्रथम उनका भव्य स्वागत सभी सदस्यों ने अंगवस्त्र, सेवार्थ का मेमेंटो,मोती की माला, बुके,किताब एवं सेवार्थ के लोगो के साथ टोपी देकर किया।सेवार्थ के अध्यक्ष पवन कुमार टमकोरिया ने सेवार्थ द्वारा विभिन्न तरह की सेवा गतिविधियों की जानकारी दी और हाल ही में संपन्न यातायात जागरूकता मिशन के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी भी दी।डायरेक्टर ने इस तरह के सेवा के लिए सेवार्थ की भूरि भूरि प्रशंसा की। सेवार्थ की सचिव मोनिका बरनवाल ने स्पेशल दुपट्टा देकर उनका सम्मान किया। आज के स्वागत सह सम्मान समारोह में सेवार्थ परिवार की संरक्षिका रीता चौरसिया,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसेवक सिंह गुंजन,उपाध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार बरनवाल,सचिव मोनिका बरनवाल,सांस्कृतिक प्रभारी अभिषेक सूर्य, वरिष्ठ सदस्य प्रमोद छावछरिया,संगठन मंत्री अजीत पाहुजा,राजनामा के संपादक रमेश कुमार झा उपस्थित थे।

# निबन्ध लेखन में रिया, रोशनी व अनुप्रिया अपने-अपने ग्रुपों में अव्वल





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** पश्चिम बंगाल स्थित आर.सी.भौमिक मेमोरियल ट्रस्ट एवं स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक,सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान तथा के युग्म बैनर पिछले दिन देशभर में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें हजारों की संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी हुई थी। आज निबन्ध लेखन एवं हस्तलेखन प्रतियोगिताओं का परिणाम की घोषणा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवघर जिला में ग्रुप बी (वर्ग तृतीय से षष्ठ) जीवन में मेरा लक्ष्य शीर्षक निबन्ध में माउंट कार्मेल पब्लिक स्कूल की रिया सिन्हा एवं रुचि सिन्हा को क्रमशः प्रथम व द्वितीय जबकि गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल की रिद्धि श्री एवं पम्मी प्रिया को क्रमशः तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ है।

# बेटियों से है माता-पिता का स्वाभिमान थीम पर सेमिनार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**देवघर ।** बेटियों का बचाने के लिए उसे ज्यादा से ज्यादा पढ़ाने की मुहिम जरूरी. बेटियों से है माता-पिता का स्वाभिमान इस थीम के साथ ही देवघर के रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय में टू डाटर्स क्लब और आईक्यूसी के तत्वावधान में एक वर्कशॉप और सेमिनार का आर्थिक अंतर का समझाया.कार्यक्रम की शुरुआत, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रीता ठाकुर, डालसा के सेक्रेटरी मयंक तुषार टोपनो,कॉलेज के प्रोफेसर,पी सी दास,डॉ किसलय सिन्हा व की को-ओर्डिनेटर ममता कुजूर ने किया।कार्यक्रम में सिर्फ बेटियों के माता-पिता डॉ किसलय सिन्हा,निमिषा रिचर्ड होरो,डॉ नृपाशु लता, रजनी कुमारी और समीर कुमार मिस्त्रा को स्वागत अतिथियों ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ रीता ठाकुर ने कहा कि देश में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए कई संस्थाएं काम कर रही है. लेकिन बेटियों को बचाओ से ज्यादा उसे पढ़ाने में फोकस करने की जरूरत है. उन्होंने लड़कियों के आर्थिक रूप से मजबूत होने पर जोर दिया. उन्होंने इस दौरान अपने किये गये रिसर्च के स्लाइड भी दिखाये और बताये कि बेटे व बेटियों के रेशियों में अंतर से नयी सामाजिक कुरीति पैदा हो सकती है. उन्होंने फिल्मों के सीन का जिक्र कर सेमिनार में मौजूद लड़कियों को जोश भरा और पढ़ाई में बेहतर करने की हौंसला अफजाई की. महिला हिंसा के कारणों पर भी उन्होंने विस्तार से बताया और टू डाटर्स क्लब की सोच को आगे बढ़ाने को लिए आगे आने को कहा।

# झामुमो पुनर्गठन-सह-सदस्यता अभियान चलाया गया



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** पथरड्डा पंचायत में 18 फरवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत पुनर्गठन और सदस्यता अभियान हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन पंचायत भवन के प्रांगण में हुआ, जिसकी अध्यक्षता पथरड्डा पंचायत के मुखिया नन्दकिशोर तुरी ने की। बैठक में सारठ प्रखंड के संचालन समिति के सदस्य राम किशोर यादव जी भी उपस्थित थे। इस बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विभिन्न पदों के लिए सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। अध्यक्ष पद पर हलधर यादव, उपाध्यक्ष पद पर अजीत राय,जीतेंद्र महरा और लक्ष्मण बाउरी, सचिव पद पर राजेन्द्र दास, उप सचिव पद पर आंनद शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर ललन तिवारी,संगठन मंत्री पद पर अशोक राय और मीडिया प्रभारी के रूप में अजीत कुमार का चयन किया गया। बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि अब पंचायत स्तर पर पार्टी का संगठन और सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा और सभी कार्यकर्ताओं को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।


**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त कार्यालय, साहेबगंज**
(जिला पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)
khelsahibganj@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उप निदेशक, पर्यटन निदेशालय, झारखंड, राँची के पत्रांक–128/राँची, दिनांक–31.01.2025 के आलोक में झारखंड पर्यटन द्वारा Jharkhand Tourist Trade Registration Portal में पंजीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। उक्त पोर्टल के माध्यम से साहेबगंज जिलान्तर्गत पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुड़े व्यवसायी, जो पर्यटन के क्षेत्र में अपना रोजगार या कारोबार चलाना चाहते हैं, उनका पजीकरण कराना अनिवार्य है। इच्छुक व्यवसायी निम्न Cetogary में अपना रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा, साहेबगंज या Email Id-khelsahibganj@gamail.com पर सम्पर्क कर सकते है।

**Registration Cetogary List-**

1. Accommodation Units.
2. Adventure Tourism/Adventure Sports Operators/Water Sports Oprerators (ASO).
3. Boat Operators.
4. Entertainment Related unit.
5. Tour Operator/Travel Agent/Tourist Transport Operators.
6. Tourist Guide.
7. Professional Tourist Photographers.

नोट :– अधिक जानकारी हेतु जिला स्तरीय पर्यटन विशेषज्ञ, साहेबगंज, मोबाईल नं0–8298302977 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी,
साहेबगंज

PR 346660 District(24-25)#D

## दो पक्षों के बीच मारपीट, 14 पर एफआईआर

**सरैयाहाट ।** थाना क्षेत्र के बरकुंडी गांव में आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मामलें को लेकर दोनों पक्षों के द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें प्रथम पक्ष के संजय यादव ने उमेश यादव, विनय यादव, महेश यादव, संदीप यादव, मंजू देवी, डेजी देवी और सुरुचि देवी के खिलाफ जान मारने की नीयत से फरसा से हमला करने सहित अन्य को आरोपी बनाया है। जबकि द्वितीय पक्ष के बिनय यादव ने हथियार से लैश होकर घर में घुस मारपीट और लूटपाप सहित अन्य आरोप लगाते हुए अशोक यादव, राहुल यादव, संजय यादव, चुभलु यादव, राकेश यादव, कुमोद यादव एवं अक्षय यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(2), 351(3), 352, 109, 191(2), 191(3), 303(2) और 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जुटी हुई है।

## जनता दरबार : सुनी गई आमजनों की समस्याएं



**शिकारीपाड़ा ।** दुमका जिला के उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक सप्ताह में एक दिन मंगलवार को आमजनों की समस्याओं को पंजीकृत करते हुए उसका प्रखंड स्तर पर ही त्वरित कार्रवाई करें। जिसको लेकर आज मंगलवार को शिकारीपाड़ा प्रखंड हॉल में जनता दरबार का शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 31 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, और लोगो की समस्या को सुनी गई। लेकिन एक भी आवेदन ऑन द स्पॉट निष्पादन नहीं हुआ। आपको बताते चलें कि प्रचार प्रसार के अभाव में ग्रामीण लोगों को इसका पता नहीं चल पा रहा है, जिसके कारण काफी कम भीड़ भाड़ देखी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम, अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर, महिला प्रसार पदाधिकारी तरेसा मुर्मू, प्रखंड उप प्रमुख वाहिद अंसारी,सहित प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो घायल



**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बासुकीनाथ-हरिपुर मुख्य मार्ग में माछीटांड़ गांव के निकट दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक चालक घायल हो गए। एक बाइक चालक घायल की पहचान रजला गांव निवासी असफाक मियां जबकि दूसरे बाइक चालक घायल की पहचान सोनुडीह, पालोजोरी निवासी अर्जुन मोहली के रूप में हुई। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि असफाक जरमुंडी से मजदूरी करके अपने घर की ओर जा रहा था जबकि दूसरा बाइक चालक अर्जुन मोहली नोनीहाट में अपने रिश्तेदार से मिलकर के घर लौट रहा था। इस दौरान माछीटांड़ गांव के निकट दोनों बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को बासुकीनाथ नंदी चौक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया। जहां चिकित्सक के द्वारा दोनों की प्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए दुमका रेफर कर दिया गया। घायलों को घटनास्थल से अस्पताल लाने और इलाज में सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल ने सहयोग किया।

## सहायक अध्यापक की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के यूएमएस सकरी संकुल के अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अमरी में प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य जयदेव खिरहर के सेवा निवृत्ति पर आयोजित किया गया था। विदाई समारोह पर सहायक अध्यापिका पुष्पा कुमारी सिंह द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय सकरी के सभी सहायक अध्यापक सह शिक्षकगण एवं स्कूल के नौनिहाल बच्चे व ग्रामीण अविभावकों ने भाग लिया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जयदेव खिरहर शिक्षण कार्य से लेकर समाजिक कार्यक्रमों में भी योगदान देते रहे थे। इस मौके पर कार्यक्रम को सकरी संकुल के सभी शिक्षकों ने संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में नंदलाल यादव , सामाजिक कार्यकर्ता पांडव कापरी, रंजीत प्रसाद साह , आदित्य गोबिंद, मोहन पंडित, विजयकांत मंडल, मुरारी राय, प्रेम कुमार मंडल, रेखा देवी,निर्माला देवी, राजकुमार मरीक,हिरामनी मरीक, रीता कुमारी, ललिता देवी, ललिता कुमारी, चन्द्र किशोर प्रसाद सिंह एवं संजय कुमार सिंह सहित दर्जनों गणमान्य ग्रामीण मौजूद थे।।

## बीडीओ ने की मनरेगा योजना की समीक्षा

**रानीश्वर (दुमका) ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार के अपराह्न में प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनरेगा योजना के प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक किया है । कनीय अभियंता एवं ग्राम रोजगार सेवक के साथ बैठक कर बीडीओ ने बिरसा सिंचाई कूप योजना में राज्य मद भुगतान की तिथि, भौतिक रूप से पूर्ण करने ,दीदी बाड़ी योजना शुरू करने को लेकर चर्चा हुई बैठक मे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता मौजूद थे।

## टोटो और बाइक की टक्कर में चार घायल

**देवघर।** जिले के सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र स्थित पावर हाउस के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें टोटो और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल भेजा गया, जहां एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में गड़गड़ी गांव की निवासी पार्वती कुमारी, टोटो चालक गुलाब राय, छोटू कुमार और रंजन कुमार शामिल हैं। बताया गया कि पार्वती कुमारी और गुलाब राय भाई-बहन हैं। पार्वती कुमारी का परीक्षा दिन था, और परीक्षा के बाद गुलाब उसे टोटो में घर वापस ला रहे थे। इस दौरान पावर हाउस के पास एक बाइक तेज रफ्तार में टोटो से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पार्वती और गुलाब दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक सवार छोटू कुमार और रंजन कुमार भी गिरकर घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत देवघर सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने रंजन कुमार की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# कालों के काल है महादेव : ओमप्रकाश

### काशी के तर्ज़ पर गंगा आरती की प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोहा



**संवाददाता**

**सरैयाहाट।** हंसडीहा स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रही शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन आचार्य ओमप्रकाश महाराज ने कहा कि जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो वह भाग्यशाली है। भगवान के विषय में जानने के लिए जिज्ञासु हो, वह भाग्यवान है। हम लोग जिस कलयुग में जी रहे हैं इस युग में बड़े-बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है जो भक्ति को धारण करता है वह कलयुग के प्रभाव से बच जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन में तीन ताप परेशान करें तो भगवान के निकट पहुंच जाएं जिससे हमें तीनों ताप से छुटकारा मिलता है। स्वामी जी ने कहा कि तब तक कलयुग के पाप परेशान करेंगे जब तक शिवपुराण हमारे जीवन में शामिल ना हो जाए यही शिवपुराण की महिमा है। भगवान शंकर जी मंगल राशि है उनका नाम और ध्यान भी मंगलमय है। शिव जैसा समान दृष्टा कौन होगा, महादेव दैत्य एवं देवों के लिए सदा कृपा वंत रहते हैं। इस दौरान दोपहर में मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया जबकि शाम को बनारस से आए आचार्य पंडितों के द्वारा काशी के तर्ज़ पर गंगा आरती की प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोह लिया। आयोजन समिति की तरफ से बताया गया कि ग्यारह दिनों तक रोजाना गंगा आरती और रुद्राभिषेक का कार्यक्रम रखा गया है।

# आईसीएसई बोर्ड स्कूलों में 10वीं की परीक्षा शुरू



**संवाददाता**

**दुमका।** शहर के 6 आईसीएसई बोर्ड स्कूलों में 10वीं की वार्षिक परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है ।परीक्षा 24 मार्च तक चलेगी। संत जोसेफ स्कूल दुमका, डॉन बास्को स्कूल दुमका, होली चाइल्ड स्कूल दुमका, संत जेवियर स्कूल महारो दुमका, कार्मेल स्कूल दुमका और संत जोसेफ स्कूल जरमुंडी स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन अंग्रेजी लैंग्वेज पेपर-1 की परीक्षा सुबह 10.30 बजे से हुई। कुल सभी 6 केंद्रों को मिलाकर 510 परीक्षार्थियों में 500 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए। वहीं सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों और अभिभावकों की भीड़ जुटने लगी। सुबह 10 बजे से छात्रों का प्रवेश पत्र जांच के बाद छात्रों को सेंटर में प्रवेश दिया गया। संत जोसेफ स्कूल के प्राचार्य व केंद्राधीक्षक फादर आलोक सोरेन ने बताया की पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त रही।

### हिजला मेला महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रशिक्षु आईएएस ने की बैठक

# मेला क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था को रखें दुरुस्त : अभिनव प्रकाश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** अनुमंडल पदाधिकारी अभिनव प्रकाश की अध्यक्षता में राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव के आयोजन को लेकर मंगलवार को बैठक की गयी।

उन्होंने कहा कि 21 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव की सभी तैयारियां ससमय पूरी कर ली जाय।

कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के लिए गठित सभी समिति अपने दायित्वों का निर्वहन ससमय करेंगे।उन्होंने मेला क्षेत्र की साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति एवं मेला क्षेत्र में जगह-जगह डस्टबिन रखने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। दिए।कहा कि कार्यक्रम स्थल पर शौचालय सहित पेयजल की बेहतर व्यवस्था रहे,इसे सुनिश्चित करें।मेला क्षेत्र में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था रहे।




कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि हिजला मेला महोत्सव के दौरान लगाए जाने वाले स्टॉल की सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ले।उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षा बल की प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मेला का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय।मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में साइनेज लगाए जाएं ताकि मेला में आने वाले लोगों को कठिनाई नहीं हो।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म सहित प्रेस विज्ञप्ति,होर्डिंग के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

इस दौरान उन्होंने अन्य तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित समिति एवं अधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया।

# सबकी योजना सबका विकास के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन



**संवाददाता**

**गोपीकांदर ।** प्रखंड के खरौनी बाजार पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को सबकी योजना सबका विकास अन्तर्गत पंचायत स्तर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पंचायत के मुखिया एनोसेंट हेंब्रम की अध्यक्षता में पंचायत सचिव जनार्दन मंडल के संचालन में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वित्तीय वर्ष के तहत पंचायत के 12 गांव में विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें पेयजल से संबंधित समस्याओं का निदान, पीसीसी सड़क का निर्माण, आवास योजना निर्माण, जलकूप, सीढ़ी घाट का निर्माण, मनरेगा योजना,दीदी बड़ी योजना से जुड़ी सभी योजनाओं इत्यादि को ग्राम सभा के द्वारा प्रस्तावित पारित के आदेश पत्र एवं चयनित लोगों की सूची तैयार कर पंचायत सचिवालय कार्यालय में सभी वार्ड सदस्यों को जमा करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर मनरेगा विकास मित्र आरतीमस किस्कू, वार्ड सदस्य सुकुरमनी मुर्मू, रामलाल पावरिया, एडवाड किस्कू, सुधीर पाल, लखन देहरी, पावर्ती मोहली, पुष्पा देवी, सुरेश दास, टुनटुन दास, ममता देवी, फुल वाला दासी, विशोका वाला दासी, सोतिका वाला दासी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# जनता दरबार लगा बीडीओ और सीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**संवाददाता**

**सरैयाहाट।** प्रखंड सह अंचल मुख्यालय सरैयाहाट में मंगलवार को जनता दरबार लगाकर बीडीओ महेश्वरी प्रसाद यादव एवं सीओ राहुल कुमार शानू ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जनता दरबार में प्रखंड से संबंधित कुल आठ ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा जिसमें सपहा गांव के दुर्योधन राउत ने मनरेगा सिंचाई कूप से पटवन नहीं करने देने की शिकायत दर्ज कराई। कुसियारी के योगेंद्र कापड़ी ने जन्म प्रमाण पत्र, धनवे की सपना कुमारी, मीना कुमारी, रीता कुमारी ने पीएम विश्वकर्मा से संबंधित, जमुआ की रनिया देवी ने एसबीआई सरैयाहाट और उमेश बघोट एवं सूरज मिर्धा आवास से संबंधित समस्या को लेकर पहुंचे थे। जबकि अंचल कार्यालय से संबंधित 9 व्यक्ति जमीन और जाति, आय प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं को पहुंचे थे। जनता दरबार में पहुंचे एक एक ग्रामीणों की समस्याओं को बीडीओ और सीओ ने सुना। जिनमें से कई का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। इस दौरान बीडीओ और सीओ ने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी कार्य के लिए बिचौलियों के पास जाने की आवश्यकता नहीं है। किसी को कोई भी काम हो सीधे उनसे कार्यालय में संपर्क करें। जनता दरबार के माध्यम से भी ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर आ सकते हैं। इस दौरान प्रखंड सह अंचल कर्मी भी मौजूद थे।

# आदि महोत्सव में दुमका की मिरु मरांडी आदिवासियों के पारंपरिक एवं जैविक उत्पादों को करेंगे प्रदर्शित

**संवाददाता**

**दुमका ।** जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से 16 से 24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, नई दिल्ली में आदि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इस गौरवशाली अवसर पर दुमका, झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए वन धन विकास केंद्र - गोपीकांदर की जनजातीय उद्यमी मिरु मरांडी भाग ले रही हैं। वे झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा समर्थित हैं और दुमका जिले के पारंपरिक एवं जैविक उत्पादों को प्रदर्शित कर रही हैं। दुमका जिले के विशेष उत्पाद जो प्रदर्शित किए जा रहे हैं।




बरबटी (लोबिया)
अरहर (तूर दाल)
बाजरा एवं बाजरा का आटा
कुर्थी (हॉर्स ग्राम)
फ्लैक्स सीड (अलसी के बीज)

यह आयोजन दुमका के पारंपरिक उत्पादों, जनजातीय आजीविका और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए एक शानदार अवसर है। यह हमारे स्थानीय कारीगरों और किसानों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा।

# जनता दरबार में 52 आवेदकों ने सुनाई अपनी फरियाद



**संवाददाता**

**रानीश्वर (दुमका ) ।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा के अगुआई में जनता दरबार हुई । प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित जनता दरबार मे अंचल अधिकारी संदा नुसरत, थाना प्रभारी बलराम सिंह मौजूद थे । जनता दरबार में 52 लाभुक आवेदन दिया है । जिसमें मईया सम्मान योजना के 11 लाभुक दी हैं , 8 आवेदकों की आवेदन का निष्पादन कर उन लाभुकों को जल्द भुगतान करने की आश्वासन दिया है।अबुआ आवास योजना के 12 आवेदन जमा किया है ।अधिकांश आवेदन दूसरे क़िस्त की भुगतान से संबंधित है । अंचल कार्यालय से संवंधित आय जाति एवं निवासी प्रमाण पत्र का 20 आवेदन प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त पेंसन का 4 राशनकार्ड का 2 एवं अन्य 3 आवेदन प्राप्त हुई है।

# मधुबन मैदान में एमपीएल लीग के दो मैच खेले गए

### हरफनमौला खिलाड़ी फिरदौस मैन आफ द मैच पुरस्कार से नवाजे गए

**संवाददाता**

**काठीकुंड।** प्रखंड के मधुबन मैदान में मंगलवार को एमपीएल लीग के दो मैच खेले गए। पहला मैच आशिकी इलेवन स्टार व पथराकुंडी लायंस के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इमाम के 58 व अरबाज के 36 रनों की बदौलत आशिकी इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाया। जबाबी पारी खेलते हुए पथराकुंडी लायंस ने मुशाहिद के 13 गेंदों में तूफानी 49 रनों की बदौलत चार गेंद शेष रहते ही मैंच जीत लिया। मुशाहिद को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे



मुकाबला साद इलेवन व रॉयल स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साद इलेवन 9.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 84 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल स्ट्राइकर्स के बल्लेबाजों को साद इलेवन के गेंदबाजों ने आसानी से रन नहीं बनाने दिया। 84 रनों के लक्ष्य को हासिल करने में स्ट्राइकर्स ने 8 विकेट गवां दिए। बेहद रोमांचक मुक़ाबलें में स्ट्राइकर्स ने सचिन के 31 व फिरदौस के 26 रनों के बदौलत मैच को एक गेंद शेष रहते जीत लिया। 26 रनों के साथ 4 विकेट झटकने वाले रॉयल स्ट्राइकर्स के हरफनमौला खिलाड़ी फिरदौस को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# कुलियों के बीच मिठाई एवं आई कार्ड का वितरण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संजीवा रेड्डी के जन्मदिन के अवसर पर देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा , झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, पूर्व रेलवे लाइसेंसी कुली संघ के अध्यक्ष डॉ नंदन दुबे एवं देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह देवघर जिला इंटक के



कार्यकारिणी की सदस्य प्रमिला देवी द्वारा पूर्व रेलवे कुली संघ जसीडीह शाखा के कुलियों के बीच मिठाई वितरण किया गया। उक्त अवसर पर इंटक के नेताओं एवं सदस्यों द्वारा इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर जीश संजीवा रेड्डी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने डॉक्टर जी संजीवा रेड्डी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि आप दीर्घायु हों ताकि आपके सबल एवं कुशल नेतृत्व में इंटक निरंतर मजबूत होता रहे और मजदूरों के हकों तथा हितों के लिए लड़ाई लड़ता रहे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686